आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 41 ● कटनी ● बुधवार, 15 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## विधानसभा का बजट सत्र, पुरानी पेंशन पर हंगामा, वित्तमंत्री बोले- कोई प्रस्ताव नहीं; कांग्रेस का वॉकआउट

**भोपाल , यशभारत।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज 8वें दिन पुरानी पेंशन पर हंगामा हो गया। प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के सवाल पर वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा– पुरानी पेंशन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्री के जवाब पर कांग्रेस विधायक सदन से वॉकआउट कर गए। कमलनाथ ने कहा, हर सरकार कर्मचारियों से चलती है और अगर कर्मचारियों के साथ ही अन्याय हो, तो कैसे सरकार चलेगी। हमारे साथी सज्जन वर्मा ने सीधा सा प्रश्न पूछा कि क्या सरकार पुरानी पेंशन लागू करेगी? वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जवाब में कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

## 60 फीट गहरे बोरवेल से बच्चे को निकाला



### विदिशा में 24 घंटे चला रेस्क्यू सीधे अस्पताल ले गई टीम

**विदिशा एजेंसी।** मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में बोरवेल में गिरे 7 साल के बच्चे को निकाल लिया गया। रेस्क्यू टीम ने उसकी हालत की जानकारी अभी शेयर नहीं की है। उसे सीधे अस्पताल ले जाया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन करीब 24 घंटे चला। मासूम बोरवेल में 43 फीट गहराई में फंसा था। बोरवेल 60 फीट गहरा है। इसके समानांतर रातभर गड्?ढे की खुदाई की गई। आज सुबह 8 बजे तक 50 फीट गड्?ढा खोदा गया, इसके बाद 5 फीट टनल बनाकर बच्चे को निकाला गया। एडिशनल एसपी समीर यादव ने बताया कि बच्चे को ऑक्सीजन सपोर्ट देकर लटेरी अस्पताल ले जाया गया है। टनल के पास एम्बुलेंस खड़ी कर दी गई थी। चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ को टनल के अंदर बुला लिया गया था। बच्चे को निकालते ही 14 किलोमीटर दूर लटेरी शासकीय अस्पताल ले जाया गया है। दिनेश अहिरवार का बेटा लोकेश सोमवार सुबह 11 बजे खेत में बने बोरवेल में गिर गया था। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मंगलवार सुबह 11.30 बजे से रेस्क्यू में जुटी थी। लेटेराइट (कड़क मुरम) आने से रात में दो और पोकलेन मशीन मंगानी पड़ी। 4 जेसीबी और 3 पोकलेन मशीन रात भर खुदाई करती रहीं। मौके पर कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, लटेरी एसडीएम हर्षल चौधरी, एडिशनल एसपी समीर यादव मौजूद थे। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने कहा कि लापरवाही के कारण बच्चे की जान आफत में फंस गई। एक हफ्ते में जिले के सारे बोरवेल के गड्ढे ढंक दिए जाए। ऐसा प्रशासन द्वारा प्रयास किए जाएंगे।

# जमीन के बदले नौकरी का खेल, राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू, राबड़ी और मीसा भारती को मिली जमानत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

जमीन के बदले नौकरी घोटाले में आज राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती को राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दे दी है। तीनों को 50 हजार रुपये के निजी मुचकले पर जमानत दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी। बता दें कि आज लालू का कुनबा दिल्ली में कोर्ट के सामने पेश हुआ था। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव समेत घोटाले के 16 आरोपियों को कोर्ट ने हाजिर होने के लिए समन भेजा था। इस मामले में जहां सीबीआई ने एक हफ्ता पहले ही राबड़ी देवी, लालू यादव और मीसा भारती समेत दूसरे आरोपियों से पूछताछ की है। वहीं, ED ने लालू परिवार के सदस्यों के ठिकाने पर छापेमारी भी की है।



### सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि...

**मामला नंबर-1**

पटना के संजय राय ने 3,375 वर्ग फीट का प्लॉट राबड़ी देवी को महज 3.75 लाख रुपये में बेचा। बदले में संजय रॉय और उनके परिवार के 2 लोगों को नौकरी मिली।

**मामला नंबर-2**

पटना के हजारी राय ने 9,527 वर्गफीट जमीन एके इन्फोसिस प्राइवेट लिमिटेड को बेची। 2014 में राबड़ी देवी एके इन्फोसिस प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर बन गईं। हजारी राय के दो भतीजों दिलचंद कुमार और प्रेमचंद कुमार को रेलवे में नौकरी मिली।

**मामला नंबर-3**

पटना के लालबाबू राय ने 13 लाख रुपये में 1,360 वर्गफीट ज़मीन राबड़ी देवी को बेच दी। लाल बाबू राय के बेटे लाल चंद राय को रेलवे में नौकरी दे दी गई।

### घोटाले के कितने आरोपी?

लालू यादव, राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती समेत कुल 16 लोगों को आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी थी। लालू यादव पर भारतीय रेलवे में भर्ती के दौरान धांधली और जमीन के बदले नौकरी देने का आरोप लगाया गया है। सीबीआई ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। राबड़ी देवी मंगलवार को ही दिल्ली पहुंच चुकी थी जबकि लालू प्रसाद यादव पहले से ही दिल्ली में हैं। इससे पहले सीबीआई 6 मार्च को पटना में राबड़ी देवी और दिल्ली में लालू और मीसा भारती से पूछताछ कर चुकी है। इसी तरह के 7 मामलों में मीसा भारती और हेमा यादव के नाम पर भी जमीन खरीदी गई। ये सारे मामले 2004 से 2009 के बीच के हैं जब लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में लिखा है कि लालू के सरकारी आवास में भोला यादव भर्ती के बदले जमीन का सौदा करते थे। इस मामले में ईडी ने तेजस्वी यादव समेत लालू प्रसाद यादव के करीबियों के घर छापा मारा था। इस छापेमारी को तेजस्वी ने बदले की राजनीति बताया था।

### BJP ने की तेजस्वी के इस्तीफे की मांग

इस मामले में तेजस्वी यादव को भी समन जारी हुआ है लेकिन वो पेश नहीं हुए। आज लालू फैमिली के दूसरे लोगों को हाजिर होना था। साथ ही आज उन्हें भी हाज़िर होना था जिन्हें जमीन के बदले नौकरी मिली है। बीजेपी ने इस मामले में तेजस्वी यादव पर इस्तीफे का दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। तेजस्वी के इस्तीफे की मांग को लेकर बिहार विधानसभा में मंगलवार को जमकर हंगामा भी हुआ। इस बीच आरजेडी ने मांग की है कि सीबीआई, ईडी और केन्द्रीय एजेंसियों की जांच को रोकने के लिए बंगाल की तर्ज पर बिहार विधानसभा में बिल लाया जाए।

## » न्यूज गैलरी

### मेडागास्कर में नाव डूबने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 34 हुआ

■ अंटानानारिवो, एजेंसी।



उत्तर-पश्चिमी मेडागास्कर के पास एक 'अपंजीकृत' नाव के डूबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर पश्चिमी मेडागास्कर में शनिवार को नाव डूबी थी। बंदरगाह, समुद्री और नदी एजेंसी (एपीएमएफ) के निदेशक मैमी थियरी रंड्रियारिवोनी ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करते हुए बताया कि खोज एवं तलाश अभियान के दौरान मंगलवार को 11 और शव मिले, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गयी और 24 लोगों को बचा लिया गया। नाव में कुल 58 लोग सवार थे। नाव पर सवार यात्रियों की संख्या 58 हो गई, जिसमें 24 जीवित बचे और 34 मृत थे। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी भी दुर्घटना के कारण का पता लगाने में जुटे हुए हैं।

### बारामूला में एलईटी आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

■ श्रीनगर, एजेंसी।



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक संदिग्ध आतंकवादी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बारामूला पुलिस, सेना की 29 आरआर और दो बटालियन एसएसबी के संयुक्त बल ने सिंहपोरा पट्टन में नाका चौकी लगाने के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। उन्होंने बताया कि माटीपोरा की तरफ से आ रहे फेरन (गाउन) पहने एक व्यक्ति ने नाका चौकी देखकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क संयुक्त बलों ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी के दौरान उसके पास से एके - 47 के 71 राउंड कारतूस बरामद किए और उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम अली मोहम्मद भट बताया और वह बोनीचकल आरामपोरा पट्टन निवासी है। उसने बताया कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों का सहयोगी है। पुलिस ने कहा कि थाना पट्टन में सशस्त्र और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी गयी है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

## 3 दिवसीय जी-20 बैठकों में भाग लेंगे 55 से अधिक प्रतिनिधि

■ अमृतसर, एजेंसी।

जी-20 सदस्य देशों, अतिथि देशों और ओईसीडी, यूनेस्को और यूनिसेफ सहित आमंत्रित संगठनों के 55 से अधिक प्रतिनिधि बुधवार से यहां शुरू हो रही तीन दिवसीय दूसरी जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक में भाग लेंगे। शिक्षा मंत्रालय संगोष्ठियों, एक प्रदर्शनी और कार्यकारी समूह की बैठकों की मेजबानी कर रहा है। आईआईटी-रोपड़ द्वारा खालसा कॉलेज में आईआईएससी-बैंगलुरु, आईआईएम- अमृतसर और टीआईएसएस-मुंबई जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों के सहयोग से अनुसंधान को मजबूत करना और समृद्ध सहयोग के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देना विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को संगोष्ठी गोविंदन रंगराजन, निदेशक, आईआईएससी-बैंगलुरु की प्रस्तुति के साथ शुरू होगी, जो जी-20 देशों में अनुसंधान पहल पर जी-20 सदस्यों और संगोष्ठी में आमंत्रित देशों द्वारा प्रदान किए गए इनपुट के साथ होगी। संगोष्ठी में दो पैनल चर्चाएं भी शामिल होंगी, एक रिसर्च इन इमर्जिंग एंड डिसरप्टिव टेक्नोलॉजीज, इंडस्ट्री-4.0 पर आईआईटी-रोपड़ के निदेशक राजीव आहूजा की अध्यक्षता में और दूसरी रिसर्च इन सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स पर टीआईएसएस-मुंबई की निदेशक शालिनी भरत की अध्यक्षता में होगी। पैनल चर्चा में फ्रांस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, ओमान, दक्षिण अफ्रीका,



यूनिसेफ, चीन और यूएई की भागीदारी देखी जाएगी। संगोष्ठी के दौरान एक मल्टीमीडिया प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जो भाग लेने वाले देशों को उद्योग, शिक्षाविदों के साथ अनुसंधान, नवाचार, सहयोग और साझेदारी में सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रस्तुत करने के लिए एक भौतिक प्रारूप प्रदान करेगी। प्रदर्शनी में 90 से अधिक स्टॉल होंगे, जिनमें यूएई, चीन और सऊदी अरब, एनएसडीसी, एनसीईआरटी, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडियन नॉलेज सिस्टम्स डिवीजन (आईकेएस) और कई स्टार्ट-अप पहलों की प्रमुख भागीदारी होगी। यह प्रदर्शनी 16 मार्च से 17 मार्च तक स्थानीय संस्थानों, छात्रों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए भी खुली रहेगी। इनमें बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता सुनिश्चित करना (विशेष रूप से मिश्रित शिक्षा के संदर्भ में), हर स्तर पर तकनीक-सक्षम शिक्षण को अधिक समावेशी, गुणात्मक और सहयोगी बनाना, क्षमता निर्माण, काम के भविष्य के संदर्भ में आजीवन सीखने को बढ़ावा देना और समृद्ध सहयोग व साझेदारी के माध्यम से अनुसंधान को मजबूत करना और नवाचार को बढ़ावा देना।

## दिल्ली मेट्रो में इंस्टा रील बनाने पर रोक

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली मेट्रो में कोच के अंदर रील और वीडियो बनाने पर रोक लगा दी गई है. दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन डीएमआरसी ने मेट्रो ट्रेन के कोच के अंदर इंस्टाग्राम बनाने वाले लोगों को चेतावनी जारी कर कहा है कि यात्री मेट्रो कोच के अंदर वीडियो ना बनाएं. डीएमआरसी ने मेट्रो के अंदर इंस्टा रील्स, डांस वीडियोस बनाने पर रोक लगा दी है. गौरतलब है कि मंगलवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपने एक ट्वीट में लिखा है कि यात्रा करें, समस्या न पैदा करें. डीएमआरसी ने एक ग्राफिक भी सभी से साझा की है. लिखा है कि, दिल्ली मेट्रो में लोग यात्री ही बने रहें, उपद्रवी न बनें. इसके अलावा, दिल्ली मेट्रो ने इंस्टा रील्स, डांस वीडियो फिल्माने पर रोक पूरी तरह से रोक लगा दी है।



## लोकसभा में तीसरे दिन भी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

■ नई दिल्ली, ईएमएस।




संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन लोकसभा में बुधवार को सत्तापक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के बीच आरोप प्रत्यारोपों को लेकर भारी हंगामा हुआ जिसके कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुबह 11 बजे जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया विपक्षी सदस्य नारे लगाते हुए और हाथों पर तख्तियां लेकर आसन के सामने आकर हंगामा करने लगे। जवाब में सत्ता पक्ष की तरफ से भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर नारेबाजी होने लगी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की तरफ से सदन में नारेबाजी के साथ सदन में हंगामा होने लगा तो अध्यक्ष ने सदस्यों से शांत रहने और सदन की मर्यादा का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सदन चर्चा एवं संवाद के लिए वह सभी सदस्यों को इसके लिए पर्याप्त समय देंगे लेकिन इसका दोनों ओर कोई असर नहीं हुआ। श्री बिरला ने विपक्षी सदस्यों को सख्तियां नहीं लहराने की उन्होंने चेतावनी दी लेकिन उनकी बात का सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी शोरशराबे के बीच श्री गांधी एवं विपक्ष के आचरण के ऊपर सवाल उठाये लेकिन अध्यक्ष ने कहा कि सदन के भीतर अथवा बाहर संसद के बारे में किसी को टीका टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। श्री बिरला ने सदस्यों से कहा , यह सदन आपका है। तख्तियां लेकर सदन में आना गलत है। प्रश्नकाल के बाद अपने मुद्दे उठाएं इसलिए अपने सीटों पर बैठें। मेरी मंशा है कि सदन चले। आप अपनी अपनी सीटों पर जाकर अपनी बातें रखें। सदन की मर्यादा बनाए रखें और यह सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अध्यक्ष की बात का हंगामा कर रहे सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ और वे तख्तियां लहराते रहे और नारेबाजी करते रहे। हंगामा बढ़ता गया तो श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करने की घोषणा कर दी।

## पीएम मोदी को सोशल मीडिया पर धमकी, गुजरात पुलिस ने छतरपुर से 2 को उठाया

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी देने के मामले में गुजरात पुलिस ने मध्यप्रदेश से दो और युवकों को गिरफ्तार किया है। गुजरात पुलिस ने देर रात छतरपुर में छापेमारी की। यहां से दो लोगों को पकड़ा गया है। 10 मार्च को भी मध्यप्रदेश के सतना और रीवा से भी दो लोगों को पकड़ा गया था। 9 फरवरी को अहमदाबाद में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का मैच था। इसमें क्क्रू मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानिया भी शामिल हुए थे। इस मैच में खलल डालने की धमकी मिली थी। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की आवाज में रिकॉर्डेड मैसेज भेजे गए थे। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के ट्विटर हैंडल भी इस्तेमाल में लाए जाने की खबर है। रीवा में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने 10 मार्च की रात छापेमारी की थी। यहां टॉवर वाली गली में पकड़े गए दो लोग किराए से कमरा लिए थे। क्राइम ब्रांच ने मकान मालिक से पूछताछ की थी। पूछा था कि सतना निवासी राहुल द्विवेदी और नरेंद्र कुशवाहा को जानते हो। मकान मालिक ने बताया कि दो किराएदार हैं। नाम-पता नहीं मालूम। लाइट फिटिंग और प्लंबर का काम करते हैं। महीने में दो-चार बार आते हैं। काफी दिन से नहीं आए। जिस रूम में दोनों रहते थे, टीम उसका गेट तोड़कर अंदर दाखिल हुई। कमरे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मिली। यह डिवाइस कॉल सेंटर की तरह मोबाइल फोन की बातचीत और मैसेज को एक्सचेंज करती है। टीम ने सतना से नरेंद्र कुशवाहा और रीवा से राहुल कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया है।

## RSS की प्रतिनिधि सभा की बैठक में बदले गए कई प्रांतों के प्रचारक

### ब्रजकांत महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचारक बनाए गए

■ रांची, एजेंसी।



पानीपत के समालखा में रविवार से प्रारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन मंगलवार को कई पदाधिकारियों के दायित्व में परिवर्तन किया गया। बैठक में दक्षिण बिहार के साथ साथ कई प्रांतों के प्रांत प्रचारक और सह प्रांत प्रचारक बदले गए। बाबूलाल जयपुर के प्रांत प्रचारक बनाए गए। वहीं शैलेन्द्र जी उत्तराखंड, उमेश कुमार दक्षिण बिहार एवं ब्रजकांत महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचारक बनाए गए। इसके साथ ही सुरजीत कुमार गौरक्ष प्रांत के सह प्रांत प्रचारक और आशीष कुमार दक्षिण बिहार के सह प्रांत प्रचारक बनाए गए हैं। उमेश कुमार अभी जहां दक्षिण बिहार के सह प्रांत प्रचारक हैं, वहीं आशीष कुमार पटना के विभाग प्रचारक हैं। उत्तर पूर्व क्षेत्र (झारखंड-बिहार), झारखंड एवं दक्षिण बिहार प्रांत के भी कई पदाधिकारियो को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। झारखंड के प्रांत प्रचार प्रमुख धनंजय सिंह को सह प्रांत कार्यवाह की जिम्मेदारी सौंपी गई। पिछले वर्ष अक्टूबर में राकेश लाल को क्षेत्र सामाजिक सदभाव संयोजक बनाए जाने के बाद से यह पद खाली था। दक्षिण बिहार के वर्तमान प्रांत प्रचारक राणा प्रताप को क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख बनाया गया। वहीं वर्तमान क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख देवव्रत प्रसाद को अभिलेखागार प्रमुख बनाया गया है। इसके साथ ही दक्षिण बिहार के प्रांत कार्यवाह विनेश प्रसाद को सह क्षेत्र कार्यवाह बनाया गया है।

## नहीं रहे नुक्कड़ के खोपड़ी एक्टर समीर खाखर

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय टेलीविजन के शुरुआती दौर से लोगों का मनोरंजन करने वाले सितारे आज भी अपने किरदारों के नाम से मशहूर हैं। ऐसे ही दूरदर्शन के शो नुक्कड़ के खोपड़ी को कौन भूल सकता है। खबर आई है कि खोपड़ी का किरदार अदा करके घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता समीर खाखर का निधन हो गया है।



### बीते कई दिनों से थे बीमार

आपको बता दें कि बीते कई दिनों से समीर के बीमार होने की खबर सामने आ रही थी। समीर को सांस की तकलीफ थी और वह अन्य कई मेडिकल समस्याओं से पीड़ित थे। मंगलवार दोपहर में उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। इसके बाद समीर को बोरीवली में एम एम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

### सोशल मीडिया पर शोक की लहर

सेलेब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर उनके निधन की खबर की पुष्टि की है। उनके जाने की खबर आते ही मनोरंजन जगत में शोक की लहर है। उनके दोस्त, सह कलाकार और फैंस उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। विलर ने समीर को श्रद्धांजलि देते हुए एक इमोशनल नोट भी लिखा है। उन्होंने लिखा, अभिनेता समीर खक्कर का निधन, ऐसा बहुत कम होता है जब किसी अभिनेता को उसके द्वारा निभाए गए किरदार के नाम से जाना जाता हो। ऐसे ही एक अभिनेता थे समीर खक्कड़ जिनका आज निधन हो गया। भले ही सीरियल में उनका किरदार एक हमेशा के लिए पियक्कड़ का था, लेकिन समीर खक्कड़ में कुछ ऐसा था जिसने खोपड़ी के किरदार को इतना प्यारा और प्यारा बना दिया। जबकि टेलीविजन पर उनका खोपड़ी का किरदार इतना यादगार बन गया। उन्होंने कई अन्य टेलीविजन शो में भी काम किया।

**गर्मी का सितम!** इन राज्यों में 38 डिग्री वाला टॉर्चर

## मार्च में ही मई जैसा चढ़ने लगा पारा

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, विदर्भ, तेलंगाना, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में जबरदस्त गर्मी की शुरुआत हो गई है. इन इलाकों में अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री के बीच बना हुआ है. वहीं, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणी की बात करें तो उत्तर भारत के राज्यों में अधिकतम तापमान 30 से 33 डिग्री के बीच बना हुआ है. मौसम विभाग की मानें तो आने वाले अगले दो दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव दर्ज नहीं किया जाएगा. हालांकि, इस गर्मी के बीच मौसम विभाग ने कुछ राज्यों में बारिश की भी बात कही है.

### दिल्ली के मौसम का हाल

देश की राजधानी नई दिल्ली में आज यानी 15 मार्च को न्यूनतम तापमान 18 और अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, दिल्ली में आज आंशिक तौर पर बादल छाए रह सकते हैं. मौसम विभाग की मानें तो 17 से 20 मार्च तक दिल्ली में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं. बारिश के साथ ही दिल्ली के तापमान में मामूली गिरावट भी दर्ज की जा सकती है।



### बारिश पर क्या है अपडेट?

मौसम विभाग के मुताबिक, 16 से 18 मार्च के बीच तमिलनाडु के आंतरिक हिस्सों, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और झारखंड में गरज के साथ बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं. वहीं, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 17 और 18 मार्च को बारिश का पूर्वानुमान है. इसके अलावा मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, पश्चिमी हिमालय पर एक या दो मध्यम बारिश और हिमपात के साथ हल्की बारिश और हिमपात हो सकता है.

### उत्तर प्रदेश के मौसम का हाल

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की बात करें तो आज यहां न्यूनतम तापमान 18 डिग्री और अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, लखनऊ में आज आसमान साफ रहने के आसार हैं. हालांकि, 16 मार्च को लखनऊ में हल्के बादल छाए रह सकते हैं. 17 से 20 मार्च तक लखनऊ में भी बारिश देखने को मिल सकती हैं. गाजियाबाद की बात करें तो यहां न्यूनतम तापमान 21 डिग्री और अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं , दिन के वक्त आसमान साफ रहेगा. हालांकि, दोपहर के बाद आंशिक तौर पर बादल छा सकते हैं।

# चर्चा लाड़ली बहना की..

## सुबह से दस्तावेजों की जद्दोजहद में लग जातीं हैं बहनें

**कटनी, यशभारत।** कटनी में ही क्या समूचे प्रदेश में इन दिनों घर घर चर्चा है तो सिर्फ लाड़ली बहना योजनाओं की। योजना ने कम दिनों में इतनी प्रसिद्धि पा ली है कि हर किसी की जुबां पर इस योजना का नाम जरूर आ जाता है। बात यह नहीं बल्कि यह है कि सुबह से सीएम शिवराज की ये बहनें दस्तवाजों को कहीं जमा करने तो कहीं दस्तावेज बनवाने या फिर इसकी जानकारी लेने घर से निकलतीं हैं और पूरे पूरे दिन इसमें समय बर्बाद कर रही हैं। न तो प्रशासन की ओर से इस बारे में कोई ऐसी जानकारी मिल पाती न ही खुद सत्ता पक्ष के लोग ही सही सही जानकारी दे पाते। यही नहीं लाड़ली बहना योजना की पात्रता से लेकर इसके आवेदन की अब तक जो भी जानकारी सामने आतीं है वह भिन्न भिन्न होतीं हैं। सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना को सत्ताधारी लोग गेम चेंजर बता रहे हैं लेकिन इसके लिए वह उस तरह सक्रिय नहीं जो योजना का अधिक से अधिक लाभ महिलाओं को पहुंचा सकें।



### कियोस्क वालों की चांदी

इस मामले में अब तक जो देखने में आया है उसमें आन लाइन कियोस्क चलाने वालों की चांदी है। अधिकांश लाड़ली बहनों को इतनी जानकारी तो है कि जो कुछ होना है वह कियोस्क के माध्यम से होना है लिहाजा वह सुबह से नजदीकी कियोस्क तक पहुंचती हैं। यहां उन्हें क्या करवाना है खुद महिलाओं को भी पता नहीं रहता और यहीं से कियोस्क वालों की चांदी शुरू हो जाती है। समग्र से लेकर आधार तो बैंक की पास बुक से लेकर पास पोर्ट साइज की फोटो अनेकानेक दस्तावेजों का ज्ञान कुछ समझ में आता है कुछ के बारे में पता ही नहीं चलता कि आखिर करना क्या है।

### सवाल कहां कैसे और क्या करें

लाड़ली बहना योजना की लोकप्रियता से भले ही सरकार गदगद हो लेकर यह उसके लिए कहीं भारी न पड़ जाए इसे लेकर सत्ता पक्ष का चौकन्ना रहने की जरूरत है। सत्तादल के लोगों को इस बारे में न सिर्फ महिलाओं को मदद करनी चाहिए बल्कि जनप्रतिनिधियों को भी इसे लेकर पूरी और सही जानकारी अपने अपने अपने क्षेत्रों में आम जनता को देनी चाहिए ।

### पार्षदों की भूमिका अहम

देखा जाए तो इस मामले में पार्षदों की भूमिका काफी अहम हो जाती है। स्थानीय स्तर पर आम जन के पास सिर्फ एक ही दरवाजा ऐसा होता है जहां वह आसानी से खटखटा सकती हैं। लेकिन अभी तक केवल सुनी सुनाई बातों को ही पार्षद भी व्यक्त कर रहे हैं। अधिकांश पार्षद इस बारे में अभी तक खुद ही जानकारी लेते नजर आ रहे हैं। सत्ता पक्ष फिलहाल बूथ विस्तारक अभियान में जुटा है बूथ बूथ भाजपा नेताओं की दस्तक हो रही है इसी में पार्टी को लाड़ली बहना योजना के बारे में भी आवश्यक जानकारी भी बूथ विस्तारक योजना में बूथ स्तर पर होने वाली बैठक में वार्ड और बूथ स्तर के के कार्यकर्ताओं को जानकारी देनी चाहिए ताकी वही महिलाओं को भटकने से बचा सकें। हालांकि पार्टी ने आने वाले दिनों में इसे लेकर चर्चा की है।

## कैसे करें ईकेवाइसी

समग्र आईडी इकेवायसी लाडली बहना योजना के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की कुछ खास बातें स्टेप्स के साथ आप घर बैठे कम्प्यूटर से कर सकते हैं। आपके पास समग्र आईडी ईकेवाईसी के दो विकल्प पहला यह है कि आप अपने ग्राम पंचायत कार्यलय के अंदर जाएं वहां पर आपकी आधार ईकेवाईसी करने के बाद आपका आवेदन ले लिया जाएगा। दूसरा तरीका यह है कि आप स्वयं समग्र पोर्टल पर जा करके अपनी ऑनलाइन समग्र आईडी ekyc कर सकते हैं जिसके बाद आप स्वयं फॉर्म के अंदर अपनी समग्र आईडी लिख करके जल्दी से जल्दी अपना आवेदन जमा करा सकते हैं। तो आइए जानते हैं कि आप समग्र पोर्टल के द्वारा किस प्रकार से अपनी समग्र आईडी ekyc कैसे करें इसका स्टेप बाय स्टेप प्रोसेस कुछ इस प्रकार है।

STEP 1 सबसे पहले आपको ऑफिसियल वेबसाइट https://samagra.gov.in/ पर जाना है। इसके बाद होम स्क्रीन पर एक लिखा हुआ आएगा की समग्र पोर्टल में ekyc के लिए क्लिक करें। इस पर आपको क्लिक करना है। जैसा की स्क्रीनशॉट में दिखाया गया है।

STEP 2 इसके बाद अपनी समग्र आईडी को कार्ड से लिंक करें नाम से एक पेज खुलेगा जहा आपको सदस्य का समग्र आईडी प्रविष्ट करें के नीचे दिए गए बॉक्स में अपनी समग्र ढ्रष्ठ एंटर करनी है और कैप्चा भरने के बाद खोजे के बटन पर क्लिक करें।

STEP 3 अब जैसे ही आप खोजे के बटन पर क्लिक करेंगे उसके बाद आपको आपकी समग्र ID से जुड़े मोबाइल नंबर के आखिरी चार अंक दिखाई देंगे। यहां आपको नंबर अपडेट करने का और ओटीपी भेजे दो विकप्ल मिलेंगे जिसमे से आपको ओटीपी भेजें के बटन पर क्लिक करना है।

STEP 4 इसके बाद आपके मोबाइल नंबर पर प्राप्त ह्रझक्कप्रविष्ट करें के सामने दिए गए बॉक्स में ओटीपी एंटर करना है और सुरक्षित करें के बटन पर क्लिक करना है।

STEP 5: अब एक नया पेज खुलेगा जहा आपकी समग्र आईडी के अनुसार आपकी व्यक्तिगत जानकारी रहेगी जैसे समग्र आईडी,नाम जेंडर,पता और नीचे लिखा हुआ होगा की क्या आपके पास मध्यप्रदेश में भूमि है? यदि आपके पास है तो हाँ पर और अगर नहीं है तो नहीं पर क्लिक करना है और आगे बढ़ें के बटन पर क्लिक करना है। इसके बाद आपको दो विकल्प मिलेंगेआधार, वर्चुअल आईडी चुंकि हम अपने आधार के माध्यम से करना चाहते है तो हमने आधार के विकल्प पर क्लिक करने अपना आधार नंबर एंटर करना है और ओटीपी द्वारा पर क्लिक करके आधार से ओटीपी अनुरोध करें के बटन पर क्लिक करना है।

STEP6 : अब आपके आधार जुड़े मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा उसे एंटर करना स्वीकार करें के बटन पर क्लिक करना है। इसके बाद आपके आधार कार्ड की डिटेल्स और आपका फोटो दिखाई देगा जिसमे आपको ? मैं अपना नाम जन्मतिथि एवं लिंक को समग्र में आधार के अनुसार सामने दिए गए चेकबॉक्स पर क्लिक करना है। फिर समन्धित निकाय को अनुरोध भेजा गया वाले बटन पर क्लिक करें।

# सावधान अब H1N1 H3N2 वायरस से

## कटनी में भी है ऐसे लक्षण वाले मरीज, पर चिंताजनक नहीं



**कटनी, यशभारत।** H1N1 और H3N2 को लेकर मध्यप्रदेश के अस्पतालों में गाइडलाइन जारी हो गई है इन्फ्लूएंजा से रहें सतर्क। बात कटनी की हो तो कटनी के सरकारी अस्पताल में भी इसे लेकर एहतियात बरतने के आदेश जारी किये गए हैं। हालांकि यह वायरस अगर अपना असर दिखाता है तो इससे निपटने की तैयारी समझ में किसी को नहीं आएगी। जिला अस्पताल की बात करें तो ऐसे कई मरीज पहले ही हैं जिनमें इस वायरस के लक्षण हैं लेकिन इसे लेकर कोई जांच नहीं मतलब फिलहाल कटनी में यह मान ही नहीं सकते कि एसच1 एन1 एच3 एन 3 के कोई मरीज हैं। खास बात यह नहीं है कि कटनी में इस वायरस के फैलने को लेकर कोई चिंता है बल्कि यह है कि अगर इससे एक साथ कई लोग पीड़ित हो जाते हैं तो उनके इलाज की क्या व्यवस्था है।

### निजी अस्तपालों के लिए कोई निर्देश नहीं

अब तक इस वायरस को लेकर निजी चिकित्सालयों को कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं लिहाजा सभी अस्पताल अपने अपने हिसाब से ऐसे लक्षण वाले मरीजों का इलाज कर रहे हैं। आपको बता दें कि मौसम में परिवर्तन के बाद खांसी सर्दी बुखार के अधिकांश मरीज सरकारी की बजाए प्राइवेट क्लीनिक या फिर निजी बड़े अस्पताल ही जाकर इसे ठीक करने की जुगत में लगते हैं और स्वाभाविक भी है क्योंकि इसे मामूली सर्दी खांसी और मौसम की बीमारी माना जाता है लेकिन अगर यह इस खतरनाक वायरय है तो यह आपकी जान को खतरे में डालने वाला हो सकता है एक अनुमान के मुताबिक कटनी में प्राइवेट अस्पतालों या फिर छोटी क्लीनको में करीब 5 सौ से ज्यादा मरीज रोजना पहुंच रहे हैं जो निश्चित तौर पर चिंताजनक कहा जाएगा।

### सरकार ने जारी किए निर्देशों पर करें गौर

सरकार ने जारी निर्देश में कहा कि टास्क फोर्स बनाई जाए फोर्स की बैठक कर जरूरी दवाइयाँ-उपकरण और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता को पूरी तैयारी के साथ सभी अस्पताल सुनिश्चित करें। मध्यप्रदेश में संक्रमण एवं सांस से संबंधित बीमारियां तेजी से फैल रही है। मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य आयुक्त डॉ सुदाम खाडे ने सीजनल इन्फ्लूएंजा (एच-1, एन-1, एच-3, एन-2) वेरिएंट की रोकथाम हेतु गाइडलाइन जारी की है। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सिविल सर्जन को अलर्ट रहने और गाइडलाइन का पालन करने के लिए कहा गया है।फोर्स की बैठक कर जरूरी दवाइयाँ-उपकरण और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के टीकाकरण कव्हरेज का परीक्षण भी करें। सीजनल इन्फ्लूएंजा के सभी सी-केटेग्री के रोगियों के निदान के लिये थ्रोट स्वाब सेंपल चिन्हित लेब में भेजा जाएँ।सभी डॉक्टर पब्लिक को सीजनल इन्फ्लूएंजा के बारे में बताएंइन रोगों के संचरण को सीमित करने के लिए श्वसन और हाथ की स्वच्छता के पालन के बारे में सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। (जैसे खाँसते या छींकते समय अपने मुँह और नाक को एक टीशू पेपर / कोहनी से ढकना, सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचना, भीडभाड़ वाले क्षेत्र मास्क का उपयोग करना एवं बार-बार हाथ धोना आदि) लक्षणों की शुरूआती सूचना देने और उन लोगों के संपर्क को सीमित करना जो श्वास की बीमारी से पीड़ित हैं।



## मेहड़ दरबार में रंगपंचमी की धूम

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र शांति नगर में स्थित मेहड़ दरबार में बड़े ही धूमधाम से रंगपंचमी का त्योहार फूलों गुलाबों की पत्तियों से व भजन कीर्तन की प्रस्तुति के साथ दादी नानकी देवी व भाई नारायण दास जी के सानिध्य से मनाया गया व प्रसाद वितरण कर भंडारे का अयोजन कीया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## महिलाओं को किया जागरूक, बताए उनके अधिकार

# जन साहस संस्था एवं ग्राम पंचायत कोड़िया ने मनाया विश्व साप्ताहिक महिला दिवस



**कटनी, यशभारत।** गत दिवस कटनी जिले के ग्राम पंचायत कोडिया में साप्ताहिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम मनाया गया जिसमें जन साहस संस्था के आये हुए कार्यकर्ताओ ने बारी बारी से महिलाओं के ऊपर हो रहे उत्पीड़िन के बारे में जानकारी दी। साथ ही उनके हक अधिकार के बारे में भी जानकारी दी गई। सदियों से चली आ रही परम्पराओ का उदाहरणों के माध्यम से सभी महिलाओं को जागरूक किया गया तथा जन साहस संस्था के द्वारा चलाये जा रहे कार्य विशेष तौर पर मजदूरों के सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे प्रोग्राम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं सुरक्षित पलायन व prx मोडल पर चर्चा की गई। साथ ही पी डी पी प्रोग्राम जो महिलाओ ओर बाल सरक्षण बाल शिक्षा को लेकर चलाया जाता उसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई महिला हेल्पलाइन ओर मजदूर हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। साथ ही कहा गया कि किसी प्रकार की कोई योजनाओ संबंधी जानकारी चाहिए तो हमारे हेल्पलाइन नंबर 180012011211 पर कॉल कर जानकारी ले सकते इस प्रोग्राम में भाग लिया कटनी जिले के जन साहस संस्था के जिला समन्वयक शिव कुमार वर्मा ग्राम पंचायत सरपंच एवं ग्राम पंचायत सचिव कम्युनिटी इंगेजमेंट मुकेश कुमार द्विवेदी जनसाथी कन्हैया बंशकार पंकज रैदास कार्यक्रम से माधुरी कोरी ज्योति विश्कर्मा एवं सभी महिलाओं ने भागीदारी ली सभी वक्ताओ ने अपनी अपनी बात रखी जिसे उवपस्थितों ने ध्यान से सुना।

# लाडली बहना योजना की प्रशिक्षण कार्यशाला



**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत शिशिर गेमावत के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अति महत्वपूर्ण एवं शासन की प्राथमिकता वाली लाडली बहना योजना की प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन सोमवार को जनपद पंचायत रीठी सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला में योजना के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये इस अवसर पर उपस्थित सचिव एवं उपयंत्री, पीसीओ तथा आजीविका मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पीपीटी एवं अन्य माध्यमों से लाडली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किये गए। कलेक्टर के निर्देश पर योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु गूगल फार्म का डोर-टूर-डोर सर्वे कराये जाने तथा प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीठी द्वारा दिया गया। योजना में किसी भी प्रकार की उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी द्वारा दिये गये। इस अवसर पर मनरेगा अधिकारी द्वारा भी उपस्थित सुपरवाईसरों एवं सचिवों को योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जयलाल पाण्डेय, सहायक यंत्री एमके कौशल, बीसी नीरज जैन तथा समस्त उपयंत्री एवं सचिव की मौजूदगी रही।

# 51 प्रतिशत मत के लक्ष्य को हासिल करेंगे



**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प से सिद्धि प्राप्त करने हमेशा ततपर रहता है। बूथ विस्तारक अभियान -2 एक ऐसा संकल्प है जिससे हम 51 प्रतिशत मत के लक्ष्य को हासिल करेंगे। हमारे पास सरकार की हर वर्ग के लिए उपलब्धि की लंबी श्रंखला है। इसी तरह हर बूथ में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी को पुनः विजयश्री दिलाने दृढ़ संकल्पित हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कल बूथ विस्तारक अभियान के शुभारंभ पर यह बात बूथ के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते कही। जिले की चारों विधानसभा में बूथ विस्तारक अभियान-2 के शुभारंभ हुआ। कटनी शहर में न्यू कटनी मंडल के शक्ति केन्द्र वेंकट वार्ड में बूथ क्रमांक 119 एवं कटनी ग्रामीण मंडल के इमलिया शक्तिकेन्द्र के बूथ क्रमांक 263, 264 में बूथ समिति एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष ने बैठक ली।आज दिनांक 14 मार्च 2023 से आरंभ भाजपा संगठन के महत्वपूर्ण अभियान ÷बूथ विस्तारक अभियान 2.0 के सफल एवम सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्री टंडन ने जिला पंचायत के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की बैठक को भी संबोधित किया।इसके उपरांत नगर पालिक निगम के सभी भाजपा पार्षदों की भी एक अति महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में भी जिलाध्यक्ष श्री टंडन ने सभी से अगले 10 दिन संगठन के लिए समर्पित कर प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के संकल्प को पूर्ण करने का आव्हान किया। जिला कार्यालय में आयोजित पार्षदों एवं जिला पंचायत व जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की बैठक में महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष गीता गुप्ता, रणवीर कर्ण, जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा अम्बू अखिल पांडेय, अजय पप्पू मिश्रा, जगदीश पटेल, जगदीश उरमलिया सहित भाजपा के सभी पार्षद प्रत्याशी भी उपस्थित थे।

# भोपाल पहुंच कर लगाई मेडिकल कालेज की गुहार

## मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## सड़कों पर चिपकाए पोस्टर बैनर

***कटनी, यशभारत।** कटनी से मेडिकल कालेज की मांग अब राजधानी भोपाल पहुंची है। कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन ने कटनी मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग के समक्ष ज्ञापन पत्रों द्वारा पहुँचाया।*



ज्ञापन में कहा गया कि पूरे प्रदेश भर के जिलों में मेडिकल कॉलेजो के उद्धघाटन , शिलान्यास या घोषणाओं का दौर जारी है। 11 मार्च 2023 को मात्र 7 लाख की आबादी वाले छोटे से जिले श्योपुर में भी, मेडिकल कॉलेज की नींव रख दी गई, इस तरह के सौतेले व्यवहार से कटनी वासी नाराज हैं। कटनी जिले की लगातार हो रही अवहेलना के चलते ही गत 12 मार्च कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन टीम ने भोपाल जाने का निर्णय लिया और 13 मार्च को कटनी में शासकीय मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन की 7 सदस्यी प्रतिनिधि मंडल ने पिछले दो दिनों में कई जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के साथ सरकारी अधिकारियों को भी ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के श्यामला हिल्स व 74 बंगले, स्थित निवास स्थानों पर पहुंच कर, मुख्यमंत्री व चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात करने का प्रयास किया पर विधानसभा सत्र की व्यवस्थाओं व व्यस्तता के चलते वे समय नही दे सके पर उनके कार्यालयी कर्मियों ने मंत्री जी के निर्देश पर कटनी के मेडिकल की माँग को कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन टीम द्वारा वृहद चर्चा की गई। अन्य जिलों की तुलना में कटनी के साथ हो रहे भेदभाव पर भी बात की गई, उसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास पर कटनी मेडिकल कॉलेज के माँग पत्रों को जमा करवाने, व विश्वास सारंग जी के कार्यालय में लेटर पैड पर बने ज्ञापन पत्रों के माध्यम से दिया गया। तत्पश्चात कटनी मेडिकल कॉलेज की मांगों से जुड़े विभिन्न पोस्टर व बैनर भोपाल की मुख्य सड़कों, ऑटो , ठेलों आदि पर, भोपाल मे लगाए गए व कटनी मेडिकल कॉलेज को मांग और कटनी के साथ किये जा रहे सौतेले व्यवहार के प्रति प्रतीकात्मक विरोध दर्ज किया। इसी के साथ कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन टीम द्वारा , कटनी के साथ हो रहे, सौतेले व्यवहार को देखते हुए, मुख्य विपक्षी दल के नेताओं से भी समय लेकर मुलाकात करने का भी प्रयास किया जायेगे। कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन की ओर से प्रतिनिधि मंडल में राहुल सैनी, राकेश पाखरानी, शंकर साधवानी, कृष्णा सागर, नीतेश जैन, नफासत खान व अध्यक्ष सुयश पुरवार की उपस्थिति में भोपाल मुहिम जारी है।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, बुधवार, 15 मार्च 2023

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## भौगौलिक केंद्र बिंदु ग्राम करौंदी में होगी अंतर छात्रावास खेलकूद एवं अकादमिक प्रतियोगिता

### छात्राओं में शिक्षा और खेल के प्रति रुचि बढ़ाने जिले में वृहद आयोजन, 19 मार्च को होगी शुरू

**कटनी, यशभारत।** छात्रावास में रहकर अध्ययनरत छात्राओं में शिक्षा और खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा निरंतर अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री प्रसाद की विशेष पहल और मार्गदर्शन में जिला शिक्षा केंद्र द्वारा अंतर छात्रावास खेलकूद एवं अकादमिक प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 19 मार्च को किया जा रहा है। यह प्रतियगिता देश के भौगोलिक केंद्र बिंदु और रमणीक स्थल ग्राम करौंदी में आयोजित होगी। जिसमें जिले के शासकीय 13 छात्रावासों की करीब 300 से अधिक छात्राएं शामिल होंगी।



#### छात्राओं के लिए होगा नया अनुभव

देश के भौगोलिक केंद्र बिंदु ग्राम करौंदी में आयोजित यह प्रतियोगिता छात्राओं के लिए कई दृष्टि से एक नया अनुभव भी साबित होगी। छात्राएं यहां प्रतियोगिता में भाग लेने के साथ साथ देश के भौगोलिक इतिहास से भी रूबरू होंगी, इसके साथ ही वे ग्राम करौंदी की प्राकृतिक रमणीक वादियों का भी आनंद ले सकेंगी। छात्राओं को यही नया अनुभव प्राप्त हो और यह प्रतियोगिता उनके लिए एक पिकनिक की तरह हो, इसी मंशा से कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा यह प्रतियोगिता जिला मुख्यालय के खेल मैदान में न कराकर देश के भौगोलिक केंद्र और प्राकृतिक पर्यटक स्थल ग्राम करौंदी में आयोजित कराई जा रही है।

#### आयोजित होंगी ये स्पर्धाएं

रविवार 19 मार्च को आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के समस्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास और कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की करीब 300 छात्राएं भाग लेंगी। डीपीसी के के डेहरिया ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के तहत दौड़, रिले रेस, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ आदि स्पर्धाओं का आयोजन होगा। साथ ही कलेक्टर के नवाचार से जुड़ी एक विशेष अकादमिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। छात्राओं के ठहरने की व्यवस्था महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ ब्रह्मस्थल करौंदी में की गई है। साथ ही छात्राओं के लिए नाश्ता, लंच, पेयजल आदि की भी व्यवस्था रहेगी।

#### व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंची टीम

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर सोमवार को आयोजन से जुड़ी तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने डीपीसी केके डेहरिया, एपीसी संध्या तिवारी, विवेक दुबे, जनशिक्षक आशीष चौरसिया, सहायक शिक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी ग्राम करौंदी पहुंचे। जहां उन्होंने खेल मैदान का निरीक्षण किया। साथ ही महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ जाकर बच्चियों के आवास, प्रसाधन, भोजन, पेयजल आदि की व्यवस्थाओं से संबंधित तैयारियों का मुआयना किया। इस अवसर पर प्रभारी महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ करौंदी अरविंद सिंह भी मौजूद रहे।

## युवा संवाद: भारत 2047 की थीम पर जिले भर में होंगे विविध कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन के तहत हमारा देश भारत आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता के 75 वर्ष के अंतर्गत अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में पंच-प्रण के मंत्र की घोषणा की थी जिसका थीम है ''अमृत काल के युग में भारत 2047 की एक दृष्टि'' जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र कीर्तिका कुहर ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा देश के सभी जिलों में समुदाय आधारित संगठनों (सी.बी.ओ) के माध्यम से ''युवा संवाद- भारत 2047'' कार्यक्रम 1 मई से 30 जून 2023 तक आयोजित किया जा रहा हैं। कार्यक्रम को जिले के विभिन्न समुदाय आधारित संगठनो के सहयोग और समर्थन के साथ जिला स्तर पर आयोजित करने की योजना है। उपरोक्त कार्यक्रम जिला नेहरु युवा केंद्र के मार्गदर्शन में तीन चयनित समुदाय आधारित संगठनो द्वारा देश के भविष्य पर पंच-प्रणों के अनुरूप एक सकारात्मक संवाद उत्पन्न करेंगे। कार्यक्रम टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ व्यक्तियों द्वारा पंचप्रण पर चर्चा की जायेगी तत्पश्चात न्यूनतम 500 युवा प्रतिभागियों की भागीदारी के साथ प्रश्नोत्तर सत्र होगा। कार्यक्रम मे जो सी.बी.ओ.एस. आवेदन करना चाहते हैं, वे गैर - राजनीतिक, गैर-पक्षपातपूर्ण इतिहास वाले होंगे और युवा संवाद कार्यक्रम का संचालन करने के लिए पर्याप्त संगठनात्मक ताकत होगी। संगठनों के खिलाफकोई आपराधिक मामला लंबित नहीं होगा। कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रति जिले अधिकतम तीन सी.बी.ओ. का चयन किया जाएगा। इच्छुक सी.बी.ओ.एस. मानदंडों को पूरा करते हुए अपने आवेदन निर्धारित आवेदन प्रपत्र में प्रस्तुत कर सकते हैं जो जिला नेहरू युवा केंद्र से प्राप्त किया जा सकता है।

### महाकौशल विंध्य रीजन के उपाध्यक्ष बने मगन जैन



**कटनी, यशभारत।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप कटनी के संरक्षक समाजसेवी मगन जैन को महाकौशल विंध्य रीजन में उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। श्री जैन की नियुक्ति पर पूर्व राज्यमंत्री श्रीमती अलका जैन, पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, सुभाष जैन, प्रेमचंद प्रेमी, पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, डॉ संदीप जैन, शैलेन्द्र जैन कंजे, राकेश जैन कक्का, कैलाश जैन सोगानी, संजय सिंघई, अनूप सिंघई, मुकेश चंदेरिया, ब्रजेश जैन, गोल्डी जैन, अनिल जैन, शांति सिंघई, अभिनंदन जैन, शरद जैन, शरत जैन, शरद सरावगी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### आंगनबाड़ी में खराब सामग्री लगने की शिकायत पर परीक्षण के लिए एकत्र किए सामग्री के नमूने

**कटनी, यशभारत।** नीरज पाण्डेय निवासी ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द जिला कटनी के झुरही टोला में नव निर्माण हो रहे आँगनबाड़ी भवन में खराब सामग्री लगने की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय जनपद पंचायत कटनी, को मामले की जाँच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश के अनुपालन में शिकायत की वास्तविक स्थिति की जांच विभाग द्वारा एस. के. खर्द सहायक यंत्री जनपद पंचायत कटनी द्वारा कराई गई उनके द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही गिट्टी, रेत, सीमेंन्टो लोहे की छड़ें उपयुक्त हैं। प्रयोग शाला परीक्षण हेतु नमूने एकत्र किए गए, उपयोग की जा रही ईटों में से कुछ ईट अनुपयुक्त पाई गई जिन्हें ग्राम पंचायत द्वारा पृथक कराकर एजेंसी को भविष्य में उपयोग न कराने के सख्त निर्देश दिए गए है।

## कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण के दिए निर्देश

### विभाग प्रमुख संतुष्टि के साथ कराये सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण

**कटनी, यशभारत।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में आयोजित समय - सीमा बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद ने एक-एक प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना की प्रगति के संबंध में कुल प्राप्त 4056 आवेदनों पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी लेकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश एस.एल.आर मुन्नालाल तिवारी को दिए। बैठक दौरान विद्युत विभाग के बकाया बिलों की विभागवार समीक्षा की जाकर विभागीय अधिकारियों को लंबित बिलों का भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा घंघरी खुर्द के अपात्र ट्रांसफार्मर पर कार्यवाही के संबंध में जानकारी चाहे जाने पर विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि नियमानुसार बकाया राशि का भुगतान किये जाने पर शीघ्र ही ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही की जावेगी। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के संबंध में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही एवं एफपी.ओ व एस.एच.जी की जानकारी ली जाकर आत्मा विभाग को भंडार क्रय अधिनियम



अंतर्गत शीघ्र मशीन क्रय करने हेतु निर्देशित किया गया। दूरसंचार नीति के संबध में ई गवर्नेंस अधिकारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है नगर निगम द्वारा जारी किया जाना शेष है जिसपर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। ई- के.वाय.सी सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली जाकर जिला स्तर पर तैयार किये गए प्रोफार्मा में जानकारी अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया। विभिन्न सेक्टरों में परिवहन सूचना प्रौधोगिकी उद्योग सेवा क्षेत्र मे सहकारिता को बढावा देने तथा महासंघ का गठन करनें के संबंध में जलाशय के पात्र पट्टाधारियों एवं दुग्ध संघ का प्रस्ताव तैयार करने एवं मछली समिति गठित करने के निर्देश दिए गए। निर्माण एजेंसी संबंधित विभागों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलों की वर्तमान स्थिति तथा मरम्मत एवं सुरक्षा हेतु किये जाने वाले आवश्यक इंतजामों हेतु शीध्र स्टीमेट तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक दौरान उर्जा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, गृह विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, महिला बाल विकास, राजस्व विभाग, वित्त विभाग सहित अन्य विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की जाकर नियमानुसार कार्यवाही कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। इसके पूर्व जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो द्वारा सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की जाकर खनिज साधन विभाग, उर्जा विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, वित्त विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला उद्योग महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव, नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, सी.एम.एच.ओ प्रदीप मुड़िया, कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई. एस.एल.कोरी, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, ई गवर्नेंस अधिकारी सौरभ नामदेव सहित जिले के अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 6 विकासखंडों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की नियुक्ति 24 मार्च तक

**कटनी, यशभारत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय युवा कोर योजना के अंतर्गत सार्वजनिक- सामुदायिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए नेहरु युवा केंद्र संगठन द्वारा अच्छा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र कीर्तिका कुहर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र कटनी के समस्त छः विकासखंडो रीठी, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा, बड़वारा एवं कटनी में वर्ष 2023 -24 के दौरान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। आवेदक नेहरू युवा केंद्र संगठन की वेबसाइट दलोण्दपबण्पद पर जाकर आवेदन की शर्तों को पढ़कर ऑनलाइन अथवा कार्यालय जिला युवा अधिकारी नेहरु युवा केंद्र कटनी, राय कॉलोनी गली न.-2 जिला कटनी में संपर्क कर सकते है। योजना के अंतर्गत प्रति विकासखंडों में दो युवाओं की तैनाती की जायेगी, साथ ही कार्यालय में कम्प्यूटर कार्य के लिए दो युवा चुने जाएँगे। इस प्रकार कटनी जिले में कुल 14 युवाओं का चयन स्वयंसेवक के रूप में किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों में से पात्र उम्मीदवारों का चयन जिला कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। योजना के तहत 1 अप्रैल 2023 को 18 से 29 वर्ष आयु समूह के गैर छात्र युवा आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 9 मार्च से बढाकर 24 मार्च 2023 तक कर दी गयी है।

## मंडलम और सेक्टर लेबल पर हो रहे काम से कमलनाथ खुश

**कटनी,यशभारत।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निवास पर कटनी जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने जिले में चल रहे संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कटनी जिले में 3 विधानसभा क्षेत्र के मंडल सेक्टर कमेटियों के गठन की जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाला समय चुनाव के लिहाज से चुनौतियों भरा है। सबको साथ लेकर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मैदानी स्तर पर सक्रिय करना है।



#### मंच से अपनी बात कहने का मिला मौका



भोपाल में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान को भी संबोधन करने का अवसर मिला। इस अवसर पर श्री चौहान ने हजारों हजार कार्यकर्ताओं के समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस प्रदेश के अन्नदाता किसानों की लड़ाई के लिए कांग्रेस सड़क पर उतरी है। बढ़ती हुई महंगाई को कम करने के लिए कांग्रेस का यह प्रदर्शन राजभवन घेराव के लिए जा रहा है कटनी से सैकड़ों की तादात पर पहुंचे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मंच से आह्वान किया। कमलनाथ के नेतृत्व में हुए स्तरीय धरना प्रदर्शन व घेराव में मंच से कटनी जिले का सम्मान रखते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान को बोलने का अवसर देने पर कटनी के कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर बड़वारा विधायक बसंत सिंह मंचासीन रहे।

**किराए से देना है**
एक रूम
12 बाय 15, अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति
एक हॉल
22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है
संपर्क-8109417340

## नारियां करती हैं समाज में नई ऊर्जा का संचार

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व होली उत्सव समारोह

**कटनी, यशभारत।** नारियां उदारता स्नेह बलिदान की प्रतिमूर्ति हैं भारतीय नारियों का एक रुप वीरांगना का भी रहा है जिसमें अनेक बार इतिहास की दशा और दिशा बदली है समाज को सही मार्ग दिखाने का सर्वाधिक श्रेय महिलाओं को जाता है क्योंकि बिना केवल घर परिवार एवं समाज में नई ऊर्जा का संचार करती हैं अपितु परिवार समाज को संकट व भय की परिस्थितियों से उबारने की क्षमता भी रखती हैं अपने अंदर की शक्ति पहचानने की जरूरत है आत्मबल और आत्मविश्वास से भय को परास्त कर लक्ष्य को प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बनाने में अपनी बेटियों को शिक्षित करने में सहयोग करें । उक्तआशय के विचार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन समारोह के मौके पर मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व सखी आध्यात्मिक विभाग संघ सतना की सह संयोजक सविता दुबे ने सर्व ब्राह्मण उत्थान महासभा महिला मंडल की बहन सुधा तिवारी द्वारा आयोजित समारोह में व्यक्त किए इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की सदस्य राजकुमारी परोहा सुधा तिवारी नेहा दुबे मीनू तिवारी मीना पाठक पूजा पांडे दीपिका दुबे सुजाता दुबे अन्नपूर्णा तिवारी अनुराधा तिवारी मालती तिवारी स्वाति तिवारी ललिता प्यासी लता त्रिपाठी आभा तिवारी रानी गीता ठाकुर कल्याणी विमला दीदी नम्रता परोहा वर्षा दुबे पदमा तिवारी नंदिनी तिवारी के अलावा बड़ी सं या में महिलाएं उपस्थित रहे सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली उत्सव और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।








## उड़ने लगा इंदौर का आटो बाजार

# रोज पंजीकृत होने लगे 500 से ज्यादा वाहन

■ इंदौर, यशभारत।

इस बात की तो मध्य प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश में भी चर्चा है कि इंदौरियों के पास पैसा तो बहुत है। और यह बात इंदौर के खरीदारी के पैटर्न में दिख भी जाती है। अब बाकी सब छोड़कर केवल आटोमोबाइल सेक्टर को ही ले लीजिए। इस सेक्टर ने बीते कुछ महीनों में ऐसी गजब रफ्तार दिखाई है कि मानो इंदौर का आटोमोबाइल सेक्टर फिर से हवा में उड़ने लगा है। कोरोना काल में यह जितना नीचे आया था, अब उतना ही ऊपर की ओर आ गया है। कुल मिलाकर इंदौर के आटो सेक्टर ने स्प्रिंग की तरह बाउंसबैक किया है। केवल फरवरी माह में ही हुई गाड़ियों की बिक्री का आंकड़ा देखें तो पता चल जाएगा कि इंदौर क्यों मध्य भारत का सुपर आटोमोबाइल सिटी है। आंकड़े कहते हैं कि अकेले फरवरी माह में ही क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय यानी आरटीओ में 500 से अधिक वाहन पंजीकृत हुए हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि इस साल आरटीओ में पंजीकृत होने वाले वाहनों का आंकड़ा दो लाख तक भी पहुंच सकता है। वैसे, इंदौर की रफ्तार देखते हुए लगता है कि आरटीओ के भी सारे अनुमान ध्वस्त होने वाले हैं और वर्ष के अंत तक वाहन बिक्री का आंकड़ा दो लाख को क्रॉस भी कर सकता है।



### बीते तीन साल में सबसे बेहतरीन फरवरी

परिवहन विभाग के अनुसार इस वर्ष अर्थात 2023 के फरवरी माह में 11,248 वाहन पंजीकृत हुए हैं। जबकि वर्ष 2021 के फरवरी महीनें में 9,707 और वर्ष 2022 के फरवरी में 9,731 वाहन पंजीकृत हुए थे। मतलब इस साल बीते तीन वर्षों में सर्वश्रेष्ठ बिक्री हुई। कोरोना के पहले वर्ष 2020 के फरवरी माह में 11,832 वाहन पंजीकृत हुए थे। उसके बाद मार्च 2020 में कोरोना संक्रमण के कारण देशभर में लाकडाउन लग गया था। इससे वाहनों की बिक्री पर भारी असर पड़ा था।

### धो डाला कोरोना का दर्द

इंदौर मेहनतकश लोगों का शहर है। यहां लोग खूब काम करते हैं, खूब कमाते हैं और जमकर खर्च करते हैं। यह बात वाहनों की बिक्री के पैटर्न में भी दिखाई देती है। चार पहिया पंजीयन शाखा प्रभारी एआरटीओ अर्चना मिश्रा नईदुनिया सिटी से बातचीत में कहती हैं- वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण के कारण वाहनों की बिक्री घट गई थी। उस दौरान केवल एक लाख दो हजार 275 वाहन ही हमारे कार्यालय में पंजीकृत हुए थे। लेकिन कोरोना जाने के बाद से वाहनों की बिक्री में उछाल आता गया। बीते वर्ष इंदौर आरटीओ में 1,52,002 वाहन पंजीकृत हुए थे।



## श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया..

# ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसे भजनों से झूम उठे श्रोता

■ इंदौर, यशभारत।

गीता रामेश्वरम परमार्थिक न्यास द्वारा टेलीफोन नगर स्थित शेरिंगवुड स्कूल परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक अनुप जलोटा ने श्याम पिया मोरी रंग दे चनुरिया...., ऐसी लगी लगन मीरा हो गई मनग..., जाना था गंगा पार प्रभु केवट की नाव चढ़े..., तन के तंबूरे में दो सांसों के तार बोले..., चदरिया झीनी से झीनी... जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर समा बांधा।जानकारी देते हुए विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि जलोटा की समधुर आवाज से उपस्थित सभी श्रोतागण झूम उठे और वे अपने आपको थिरकने से नहीं रोक पाए। प्रारंभ में संस्था अध्यक्ष एवं अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, वरिष्ट कांग्रेस नेता रघु परमार, विनय बाकलीवाल, साकेत नगर एसोसिएशन के जगदीश शाह, आर.जी. तिवारी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। जलोटा का सभी ने सार्वजनिक अभिनंदन कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।इस अवसर पर कुलभुषण कुक्की, अमन बजाज, मुकेश शाह, सुदामा चौधरी, साधना भंडारी, प्रितेश राज, किरण जिरेती, जगदीश जोशी, मिथलेश जोशी, उमाशंकर रायकवार, राकेश जोशी, राहुल निहोरे, प्रकाश जोशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मदन पर परमालिया ने किया और अंत में आभार रघु परमार ने मारा ने माना।

# बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से बिल भरने की अपील...

## लोहे के पोल पर चढ़कर 24 घंटे बिजली उपलब्धता करें सुनिश्चित

■ इंदौर, यशभारत।



मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी बकायादार उपभोक्ताओं से बिजली बिल राशि जमा करने की अपील की है। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि बिजली कर्मचारी कड़कड़ाती ठंड, मूसलधार बरसात, 40-45 डिग्री सेल्सियस तापमान होने के बाद भी लोहे के पोल पर चढ़कर 24 घंटे बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करते है। कोविड के दौरान भी बिजली कर्मचारियों ने पीपीई किट पहनकर सेवाएं प्रदान की है। कई बिजली कर्मचारी तीज, त्योहार होने पर भी अपने घर से दूर बिजली सेवाओं में संलग्न रहकर अपनी समर्पित भूमिका का निर्वाह करते है। ऐसे में बिजली बिलों को समय पर भरना आवश्यक है।

कंपनी ने कहा कि उपभोक्ताओं के घर पहुंचने वाली बिजली काफी दूर व दुर्गम स्थानों पर स्थित बिजली उत्पादन गृहों, इसके बाद नदियों, पहाड़ों आदि से गुजरकर शहरों के पास आने वाली पारेषण लाइनों से काफी दूरी तय कर फिर आपके पास उपयोग के लिए पहुंचती है। इतनी मेहनत व जोखिम के बाद पहुंचने वाली बिजली के देयकों का समय पर भुगतान उपभोक्ताओं का नैतिक कर्त्तव्य भी है। बिजली वितरण कंपनी ने कहा कि जारी वित्तीय वर्ष का अंतिम माह मार्च प्रत्येक वाणिज्यिक संस्थान के लिए राजस्व संग्रहण बहुत महत्वपूर्ण होता है, ऐसे में सभी बकायादार उपभोक्ता जागरूकता का परिचय देते हुए राशि जमा करे। विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि होली का त्योहार बीत चुका है। कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी बकायादार उपभोक्ताओं को बार-बार सूचना देने के बाद भी राशि जमा नहीं कराने पर कनेक्शन काटने, अधिभार लगाने व अन्य नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। तोमर ने समस्त बकायादार उपभोक्ताओं से राशि जमा कर अप्रिय कार्रवाई से बचने का आह्वान भी किया है।

## कमिश्नरेट लागू होने के बाद बढ़े अपराध

# इंदौर-भोपाल में सबसे ज्यादा बढ़े बलात्कार-हत्या के केस

■ भोपाल, यशभारत।

**मध्यप्रदेश के दो बड़े शहरों भोपाल और इंदौर में 9 दिसंबर 2021 को पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होने के बाद अपराध बढ़ गए। भोपाल में दुष्कर्म के मामले 2021 में 330 थे, जिनकी संख्या 2022 में 384 हो गई। वहीं इंदौर में 302 से बढ़कर ये संख्या 365 हो गई। यह जानकारी गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने विधानसभा में एक सवाल के जवाब में दी।**



मप्र में ऑनलाइन सट्टा जोर-शोर से जारी रहने के बारे में सवाल पूछा गया था, इसमें इंदौर में रोड सेफ्टी को लेकर क्रिकेट टूर्नामेंट का जिक्र है, जिसमें देश और विदेश के खिलाड़ी मौजूद थे। इन खिलाड़ियों की टी शर्ट पर कंपनियों का प्रचार था। क्रिकेटरों के आने-जाने में चार्टर्ड प्लेन वगैरह पर कितना खर्च हुआ? इसके जवाब में गृह मंत्री ने कहा कि यह जानकारी इकट्?ठा की जा रही है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर में पिछले पांच साल में इंदौर क्राइम में दूसरे नंबर पर है।

### भोपाल में कुल अपराध में कमी, लेकिन बड़े अपराध की संख्या में इजाफा

भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद अपराध बलात्कार, आत्महत्या और हत्या के प्रकरण बढ़े। इंदौर शहर में 2020 से 2021 के बीच 14699 केस हुए, जिनकी संख्या 2021-22 में बढ़कर 15240 हो गई, यानी अपराधों में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, भोपाल में 2020-21 में 18654 केस के मुकाबले 2021-22 में 15516 प्रकरण दर्ज हुए। इस तरह कुल अपराधों में 16.8त्न की कमी आई।

### अनुसूचित जाति-जनजाति से जुड़े अपराधों की संख्या दोगुनी हो गई

अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 के तहत 2015 में एससी के खिलाफ 3656 प्रकरण दर्ज किए थे जो 2022 में बढ़कर 8293 हो गए। इसी अवधि में अनुसूचित जाति की महिलाओं के बलात्कार के केस 456 थे, जो बढ़कर 593 हो गए। अनुसूचित जनजाति के मामलों में 2015 में 5001 प्रकरण दर्ज हुए थे जो बढ़कर 11384 हो गए। इसमें सात सालों में 128 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



# नींबू खट्टा तो करेला दे रहा कड़वाहट

■ ग्वालियर, यशभारत।

गर्मी दस्तक दे चुकी है। सब्जियों के दाम भी बढ़ने लगे हैं। अभी उन्हीं सब्जियों के दाम ऊंचे हैं जो बाहर से आयात हो रही है। बाकी स्थानीय स्तर पर आ रही सब्जियों के दाम कम है। लेकिन इस वक्त नींबू खट्टा और करेले के दाम कड़वाहट दे रहे हैं। हालात यह है कि आलू-टमाटर के दाम कम हैं तो भिंडी के दाम 40 रुपये प्रतिकिलो पर जा पहुंचे हैं। हरी सब्जियां के दाम मौसम में गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ेंगे। बढ़ी महंगाई को लेकर थोक व्यापारियों का कहना है कि अभी तो बाहर से आने वाली सब्जियां कम हैं लेकिन गर्मी बढ़ने पर बाहर से ही सब्जियों का आयात होगा जिसके बाद दाम में तेजी से बढ़ोतरी होगी। थोक व्यापारी रामलखन सिंह का कहना है कि गर्मी में सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ेंगे।

# कुरीला मेले में आई नर्तकियों के एचआइवी मामले में सीएमएचओ को हटाया

■ अशोक नगर, यशभारत।




जिले के ऐतिहासिक करीला मेले में आई नृत्य करने वाली महिलाओं के एचआइवी टेस्ट के मामले में राज्य शासन ने अशोकनगर के प्रभारी सीएमएचओ डा. नीरज कुमार छारी को हटाकर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल में पदस्थ करने के आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि महिलाओं का कराया जा रहा एचआइवी टेस्ट संबंधी समाचार इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इस समाचार के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वक्तव्य भी दिया गया था।इस कारण प्रशासन की छवि धूमिल हुई और राष्ट्रीय महिला आयोग ने मानव अधिकार का उल्लंघन मानते हुए आपत्ति दर्ज कराते हुए जवाब भी मांगा है।क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ग्वालियर डा. राकेश चतुर्वेदी ने उक्त प्रकरण की जांच के लिये तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। वहीं दूसरी ओर अपर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल अजीजा सरशार जफर ने प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोकनगर डा. छारी को आगामी आदेश तक संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल में कार्य करने हेतु आदेशित किया है। गौरतलब है कि कांग्रेसियों ने इस मामले की जांच कराने की



# महिला प्रबंधक को होटल में ले जाकर दुष्कर्म

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में महिला अपराधों में लगातार इजाफा हो रहा है। इसी क्रम में हबीबगंज थाना क्षेत्र के होटल इलेवन में एक 32 वर्षीय महिला प्रबंधक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित पीड़िता से दो साल छोटा है। आरोपित ने महिला को अपनी बातों में फंसाकर होटल बुलाया और उनके साथ दुष्कर्म कर दिया। बाद में आरोपित ने महिला को शादी का झांसा देकर पुलिस में शिकायत करने से रोक दिया। इसके बाद से वह लगातार महिला का शोषण कर रहा था। जब पीड़िता ने उस पर शादी के लिए दबाव डाला तो वह साफ मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ एफआइआर दर्ज करा दी। पुलिस जल्द ही आरोपित की गिरफ्तारी करेगी। फिलहाल वह एफआइआर दर्ज होने की भनक लगते ही फरार हो गया है। पुलिस के मुताबिक अरेरा कालोनी हबीबगंज निवासी 32 वर्षीय महिला एक निजी कंपनी में प्रबंधक है। वह अपनी मां के साथ रहती है।

# चिकित्सा शिक्षक का नाम केवल कागजों में पाया गया तो तीन वर्ष नहीं कर पाएंगे नौकरी

■ भोपाल, यशभारत।



आयुर्वेद, सिद्धा और यूनानी(आयुष) कालेजों में चिकित्सा शिक्षक (फैकल्टी) की नियमित उपस्थिति की जगह केवल कागजों में नाम दर्ज पाया गया तो तीन वर्ष तक नौकरी से बाहर कर दिया जाएगा। इस दौरान उनका टीचर कोड भी निलंबित कर दिया जाएगा, ताकि वे कहीं भी नौकरी नहीं कर सकें। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआइएसएम) ने इस व्यवस्था को लेकर सभी कालेजों के प्राचार्य अथवा डीन को पत्र भेजा है। आयोग को आशंका है कि प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी मेडिकल कालेजों में कुछ टीचिंग फैकल्टी केवल कागजों में हैं। वर्ष 2022 में भी एनसीआइएसएम ने इस संबंध में नियम बनाए थे। इसमें यह व्यवस्था थी कि फैकल्टी सिर्फ कागजों में मिला तो एक वर्ष के लिए टीचर कोड निलंबित किया जाएगा। यानी वह इस अवधि में कहीं नौकरी नहीं कर पाएगा। इसके अलावा छह माह का वेतन लौटाना होगा जो एनसीआइएसएम के पास जमा होगा। साथ ही ऐसे चिकित्सा शिक्षकों के लिए कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा गया था। नए आदेश में कानूनी कार्रवाई का प्रविधान यथावत है, लेकिन टीचर कोड निलंबित रखने की अवधि ब?ाई गई है। साथ ही छह माह का वेतन जमा करने का प्रविधान हटा लिया गया है। बता दें कि देशभर में आयुर्वेद, यूनानी और सिद्धा के 550 से ज्यादा कालेज हैं। चिकित्सा शिक्षा में व्यापक सुधार में एनसीआइएसएम का यह दंडात्मक कदम स्वागत योग्य है। हां, यह भी ध्यान रखना होगा कि योग्य व ईमानदार चिकित्सा शिक्षकों को परेशानी न हो।

# बड़वानी के मुंडियापुरा में 20 फीट ऊंची बल्ली चढ़कर तोड़ा गुड़

## 100 साल पुरानी है परंपरा

■ मंडवाड़ा/बड़वानी, यशभारत।

मंडवाड़ा के समीप मुंडियापुरा गांव में करीब सौ साल पुरानी परंपरा का निर्वाह किया गया। रंगपंचमी के उपलक्ष्य में यहां पर गुड़ तोड़ने की परंपरा का निर्वाह करते हुए युवाओं की टोली ने करीब 20 फीट की बल्ली पर चढ़कर गुड़ तोड़ा। वहीं ग्रामीणों ने गोट (सामूहिक भोज) का भी आयोजन किया।गांव के बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन में चली आ रही बरसों पुरानी परंपरा को नई पीढ़ी के युवाओं ने जीवंत रखते हुए निर्वाह किया। गांव के बीच प्रमुख मार्ग पर ऊंचाई पर गुड़ रखा गया जिसे युवाओं ने तोड़ा। गांव पटेल जयराम पटेल ने बताया कि यह परंपरा करीब सौ साल पुरानी है।मुंडियापुरा गांव के क्षत्रिय भीलाला समाज एकजुट होकर यह विशेष पर्व मनाते हैं। यहां पर आदिवासी समाज के करीब 450 घर है। युवाओं पर लकड़ी से वार और पानी की बौछार की, ऐसे निभाते हैं परंपराइस परंपरा के तहत बीस फीट की एक मोटी बल्ली जमीन में गाढ़ दी जाती है और उसके सबसे ऊपरी छोर पर कपड़े में गुड़ बांध दिया जाता है। इस पोटली को लेने युवा बल्ली पर चढ़ते हैं तो उनके ऊपर पानी बरसाया जाता है। साथ ही महिलाएं लकड़ी से वार करती है तो पानी की बौछार भी की जाती है।



## 125 प्रकरण में 13 हजार 750 रूपये की राशि वसूल की

# प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग व गंदगी करने वालों पर कार्यवाही निरंतर जारी

■ भोपाल, यशभारत।



नगर निगम, भोपाल द्वारा डेंगू/लार्वा की जांच के साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथीन के विक्रय, उपयोग तथा गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के 57 प्रकरणों में 05 हजार 850 रूपये तथा गंदगी फैलाने सहित 68 अन्य प्रकरणों में 07 हजार 900 रूपये स्पॉट फाईन वसूल किया।

इसी तारतम्य में निगम अमले ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 04 में 05 प्रकरणों में 650 रूपये, जोन क्रमांक 05 में 11 प्रकरणों में 01 हजार 100 रूपये, जोन क्रमांक 13 में 02 प्रकरणों में 200 रूपये, जोन क्रमांक 15 में 04 प्रकरण में 400 रूपये, जोन क्रमांक 17 में 19 प्रकरणों में 01 हजार 900 रूपये, जोन क्रमांक 18 में 03 प्रकरणों में 300 रूपये, जोन क्रमांक 20 में 05 प्रकरणों में 500 रूपये तथा जोन क्रमांक 21 में 08 प्रकरणों में 800 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की। इस प्रकार कुल 57 प्रकरणों में 05 हजार 850 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

निगम अमले ने सार्वजनिक स्थलों पर थूकने, यूरिनेशन, बिना सेग्रीगेशन किये कचरा संग्रहित करने व गंदगी फैलाने, सीएंडडी वेस्ट, ग्रीन वेस्ट, संपत्ति विरूपण सहित अन्य प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 04 में 14 प्रकरणों में 01 हजार 700 रूपये, जोन क्रमांक 05 में 08 प्रकरणों में 800 रूपये, जोन क्रमांक 13 में 14 प्रकरणों में 01 हजार 400 रूपये, जोन क्रमांक 15 में 09 प्रकरणों में 900 रूपये, जोन क्रमांक 18 में 07 प्रकरण में 01 हजार 500 रूपये, जोन क्रमांक 20 में 07 प्रकरणों में 700 रूपये तथा जोन क्रमांक 21 में 09 प्रकरणों में 900 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। इस प्रकार कुल 68 प्रकरणों में 07 हजार 900 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

# मण्डी प्रांगण में 20 मार्च से होगा फल एवं सब्जी का व्यवसाय

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार मण्डी क्षेत्रान्तर्गत फल सब्जी के कारोबारियों की बैठक अनुविभागीय अधिकारी एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मण्डी समिति कटनी प्रिया चन्द्रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें फल सब्जी कारोबारियों की समस्याओं को सुना गया एवं समस्याओं का हर संभव समाधान का आश्वासन मण्डी प्रशासन द्वारा दिया गया। विदित हो कि अभी तक अनुज्ञप्ति हेतु कुल 116 आवेदन प्राप्त हो चुके है जिनमें से 63 में अप्रूवल हो चुका है तथा शेष आवेदनों पर कार्यवाही प्रचलित है। कृषि उपज मण्डी समिति कटनी के सचिव ने बताया कि बैठक के दौरान कतिपय फल व्यापारियों प्रांगण के बाहर केवल ट्रेडिंग का कार्य करनें की मंशा व्यक्त की गई? परन्तु अधिकतर व्यापारी मण्डी के अंदर कार्य करने की सहमति प्रदान की गई इस दौरान प्रशासन ने 20 मार्च दिन सोमवार से फल एवं सब्जी का व्यवसाय मण्डी प्रांगण पहरुआ पन्ना रोड में किये जाने हेतु निर्णय लिया गया। इस कार्य में नगर पालिक निगम से भी आवश्यक सहयोग प्राप्त कर फल सब्जी का कारोबार मण्डी प्रांगण



में शिफ्ट कराया जावेगा। जिन व्यापारियों द्वारा अभी तक अनुज्ञप्ति (लायसेंस) मण्डी से नहीं लिया गया है, उन्हे शीघ्र लायसेंस मण्डी से लेकर मण्डी समिति कटनी से व्यापार करने की हिदायत दी गई। 20 मार्च से थोक फल सब्जी का व्यापार मण्डी प्रांगण से किये जाने की सूचना मण्डी प्रशासन द्वारा प्रचार-प्रसार के माध्यम से करानें के निर्देश प्रदान किये गए। भारसाधक अधिकारी प्रिया चंद्रावत द्वारा यह स्पष्ट किया गया, कि जो थोक फल सब्जी व्यवसाई शासन के नियमानुसार व्यापार करने में सहयोग नहीं करेंगे, उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। मण्डी सचिव देवेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा पुनः समस्त थोक फल सब्जी व्यवसाईयों से कृषक, उत्पादक, मण्डी हित तथा कटनी की आमजनता के हित को दृष्टिगत रखते हुये थोक फल सब्जी के व्यवसाय को मण्डी प्रांगण पहरूआ कटनी से संचालित करने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। बैठक में श्रीमती प्रिया चन्द्रावत, अनुविभागीय अधिकारी एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मण्डी समिति कटनी, सचिव देवेन्द्र सिंह ठाकुर, समस्त थोक फल सब्जी व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## आरओ की मरम्मत कराकर की गई पेयजल व्यवस्था

**कटनी,यशभारत।** भरी गर्मी जिला अस्पताल का वॉटर कूलर बंद की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए




कार्यालय सिविल सर्जन सह एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कटनी मामले की जाँच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश के अनुपालन में वास्तविक स्थिति की जाँच कर विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिला चिकित्सालय कटनी के सभी वाटर कूलर आर.ओ. चालू स्थिति में है। जिला अस्पताल कटनी के सर्जिकल वार्ड व बच्चा वार्ड के पास स्थित वाटर कूलर में लगे आर.ओ. के पीछे का वाल किसी मरीज के परिजन व्दारा बंद कर दिया गया था जिसके कारण पानी आना बंद हो गया था। जानकारी लगते ही आर.ओ. मेकेनिक को बुलाकर जांच कराये जाने पर उसके व्दारा जानकारी दी गई कि आर.ओ.चालू है किन्तु पीछे लगे वाल को बंद कर देने के कारण पानी सप्लाई बंद हो गई थी जिसके कारण पानी नही आ रहा था द्य मैकेनिक द्वारा तत्काल वाल चालू कर पानी सप्लाई जारी कर दी गई है एवं मरीजो एवं परिजनों को पेय जल प्रदाय किया जा रहा है। जिससे मरीजो एवं परिजनों ने कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद का आभार व्यक्त किया जा हैं।



## संपत्ति व जलकर से 5 लाख से अधिक की राशि वसूली

**अंबेडकर वार्ड गायत्री नगर राम मंदिर के सामने शिविर लगाकर काटी 290 रसीद**

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 23 समाप्ति के मात्र चंद दिवस शेष होने के कारण निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत नगर निगम स्थित कंप्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयो के अलावा दिनांक 13 मार्च को अंबेडकर वार्ड गायत्री नगर राम मंदिर के सामने शिविर लगाकर 290 रसीदो के माध्यम से 5 लाख 46 हजार की राशि वसूली गई। शिविर का आयोजन प्रात:10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के गणमान्य नागरिकों प्रबुद्ध जनों से संपत्तिकर जमा कर शहर के विकास में सहभागिता निभाने की अपील की है।आयुक्त नगर पालिक निगम सत्येंद्र सिंह धाकरे ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किया है।

**निर्धारित मापदंड अनुसार कराया जा रहा निर्माण कार्य**

## सड़क निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री का कराया परीक्षण




**कटनी,यशभारत।** डामरीकरण में गड़बड़ियाँ सड़क में झाँक रहीं गिट्टियां की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) कटनी को मामले की जाँच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। जिसके संबंध में विभाग द्वारा बहोरीबंद तहसील बडखेरा नीमखेडा के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा कुंआ भटगवां लम्बाई 2.10 कि.मी. मार्ग निर्माण हेतु अनुबंध क्रमांक 37/डी.एल./ 21-22 के तहत मे. ए.डी. कंस्ट्रक्शन रैपुरा जिला पन्ना ठेकेदार व्दारा मार्ग निर्माण कार्य किया जा रहा है। मार्ग में 1.7 कि.मी. में डामरीकरण किया गया है। मार्ग निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री का परीक्षण कराकर टेस्ट रिपोर्ट सही पाये जाने वाली पर ही सामग्री का उपयोग किया गया है।

प्राप्त शिकायत की जाँच महाप्रबंधक म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण इकाई कटनी व्दारा की गई है। जांच में डामल की मोटाई एवं गुणवत्ता सही पाई गई है। कार्य में निर्धारित माप दंडानुसार रोलर का उपयोग किया गया है। वर्तमान में शोल्डर एवं सी.सी. का कार्य प्रगति पर है। सी.सी. कार्य में तराई विधिवत की जा रही है।




## यूथ कटनी ने किया वन विहार

**कटनी,यशभारत।** युद्ध कटनी नारी शक्ति का वन विहार भ्रमण मुकुंदपुर वाइट टाइगर सफारी जिला सतना में किया गया। वन संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु यह कार्यक्रम संस्था की संयोजक श्रीमती अनु शशांक श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों में पर्यावरण का महत्व बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी मातृशक्ति ने भरपूर सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर श्रीमती रश्मि बघेल श्रीमती जयश्री मित्तल श्रीमती ममता पटेल श्रीमती प्रीति राय श्रीमती सर्जना कंधे ले श्रीमती रेनू गट्टानी सुश्री रजनी वर्मा श्रीमती नीतू गुप्ता श्रीमती वंदना स्वामी श्रीमती अर्चना पुरवार श्रीमती ललिता गट्टानी श्रीमती शोभा राय श्रीमती हनसा खंडेलवाल श्रीमती शशि यादव श्रीमती कल्पना कोटक श्रीमती सारिका त्रिसोलिया श्रीमती स्वाति सक्सेरिया सुश्री संगीता जयसवाल श्रीमती संगीता मेघानी श्रीमती आशा तरानी श्रीमती वंदना गिलानी श्रीमती नीलम सक्सेरिया श्रीमती सुषमा शिवहरे श्रीमती सीमा नाहर श्रीमती श्रीमान जानवी ननकानी श्रीमती संगीता मरेले श्रीमती नंदनी गुप्ता श्रीमती टीना शिवहरे श्रीमती पूनम बसरानी श्रीमती मोहनी सोनी श्रीमती शालिनी सोनी श्रीमती रश्मि सोनी श्रीमती उमा भागेरिया श्रीमती आरती अग्रवाल श्रीमती शोभना खंपरिया श्रीमती मंजुला गुप्ता श्रीमती अनुपमा भार्गव श्रीमती नंदिनी गुप्ता श्रीमती मेनिका कंथरिया श्रीमतीअरुणा पांडेरही। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रीमती शांभवी श्रीवास्तव की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन मनोरंजन कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।



**मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन**

## विजयराघवगढ़ में 47 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 47 जोडो का विवाह जनपद पंचायत प्रांगण में वैदिक रीति से स पन्न हुआ। वर-वधु को जिला प्रशासन द्वारा आलमारी, पलंग, गद्दा, रजाई, टीव्ही, कुर्सी, टेबल, सिलाई मशीन, पंखा, कुकर सहित स्टील के बर्तन प्रदान कर 11 हजार रूपए की राशि खाते में अंतरित की गई। जनपद पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों से आए वर एवं बारातियों के रुकने की व्यवस्था विधायक कार्यालय में कराई गई थी, जहां से दुल्हे को नई पोशाक में सजाकर सामूहिक बेंडबाजों के साथ स्थानीय जनपद पंचायत प्रांगण पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में पूजनोपरान्त विवाह की रशम पूरी कराई गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान,श्रीमति बसुधा मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, सुरेन्द्र तिवारी, लेखापाल शरद श्रीवास्तव, हर्षित असाटी, पी सी पयासी, ध्यान लाल साहू, हरिशंकर अवस्थी, विकास दत्त मिश्रा, पत्रकार पं जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, अजय त्रिपाठी, हंसराज सिंह ठाकुर, रवि कुमार दुबे सहित पंचायत सरपंच सचिवो व ग्रामीणो की उपस्थिति रही।





### नगर परिषद कैमोर में10 जोड़ो ने लिए सात फेरे

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत नगर परिषद कैमोर मे सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया इस आयोजन में 10 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज और वैदिक परंपरा अनुसार संपन्न कराया गया। विवाह संपन्न होने के पूर्व ढोल नगाड़ों के साथ दूल्हों की बारात भी निकाली गई। इस अवसर पर वर वधू के परिजन सहित नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी बारात में शामिल हुए। विवाह का पूरा आयोजन नगर परिषद द्वारा किया गया था इसके अलावा नवविवाहित जोड़ों को नई गृहस्थी शुरू करने के लिए 38 हजार रूपए की गृहस्थी का सामान जिसमें टीवी,अलमारी, बेड गद्दा, सिलाई मशीन, टेबल फैन,घड़ी, डाइनिंग टेबल - कुर्सी,कुकर,बर्तन,चांदी के जेवर इत्यादि भी उपहार स्वरूप दिए गए। एवम 11 हजार रुपए का चेक प्रत्येक नवविवाहित जोड़ों को प्रदान किए गए। इसके अलावा गौरी साड़ी सेंटर अनिल गुप्ता द्वारा कन्याओं को साड़ी स्टॉल भी प्रदान किया गया । इस मौके पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ,नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट ,पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा ,स्वच्छता निरीक्षक पीआर सिंह, पार्षद वीरेंद्र बैगा नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान पार्षद सुरेश परौहा अनीता सेन ,शरीफखान, भवानी राजा मिश्रा पिछड़ा मोर्चा मंडल, अध्यक्ष निलेश रजक सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी व नगर के अन्य गणमान्य जनों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## पत्रकारों ने आपसी सद्भाव के साथ मनाई होली

**मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का होली मिलन**

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का होली मिलन समारोह रविवार को आदर्श कालोनी में आपसी सद्भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के प्रथम चरण में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष आशीष सोनी ने पत्रकार साथियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारों के हित के हर समय तत्पर रहते हुए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने पत्रकार साथियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ ज्योति राजपूत ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ सुरेंद्र राजपूत ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनंत गुप्ता, आर बी गुप्ता, नवनीत गुप्ता, राकेश तिवारी, श्याम तिवारी, अज्जू सोनी, अजय गौतम, सरिता गुप्ता, रमेश पांडे, डॉ मनोज खरे, धर्मराज दुबे, गुलाब शंकर तिवारी, अरविंद जायसवाल, लालू कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## दिगंबर जैन महिला परिषद ने मनाई रंगपंचमी



**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग शाखा कटनी के तत्वाधान में होली मिलन कार्यक्रम के संदर्भ में एक मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें कटनी परिषद की सभी बहनों ने होली मिलन एवं रंग पंचमी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। सभी ने एक दूसरे के लिए गुलाल लगाकर शुभकामनाएं प्रेषित की, उसके पश्चात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन, सचिव श्रीमती मंजू जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिल्पा जैन, प्रांतीय सह सचिव श्रीमती शशी जैन, प्रांतीय संरक्षिका श्रीमती बबीता जैन, प्रांतीय प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी जैन, प्रांतीय चेयर पर्सन श्रीमतीअंजू जैन, प्रांतीय चेयरपर्सन श्रीमती प्रीति पटवारी, श्रीमती शोभा जैन, बंदना, एकता, रूबी जैन, वंदना जैन, की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आभार प्रदर्शन शाखा की अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन द्वारा किया गया।



## समाजवादी पार्टी के होली मिलन में जमा हुए कार्यकर्ता

**कटनी,यशभारत।** आदर्श कॉलोनी स्थित एडवोकेट पन्नालाल त्रिपाठी के कार्यालय में रंगपंचमी के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह एडवोकेट-पन्नालाल त्रिपाठी जिलाध्यक्ष के मुख्य अतिथ्यि में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में होली पर्व के महत्व को बतलाया गया इसके बाद एक दूसरे को तिलक लगाकर गले मिल एक दूसरे से आर्शीवाद प्राप्त किया। इस असवर पर सपा जिलाध्यक्ष पन्नालाल त्रिपाठी, रमेश मिश्रा, राजकुमार दासवानी, सुभाष मालाकार, यूपी सिंह, राकेश कुमार चौदहा, महेन्द्र राजपूत, सोनेलाल बंसल, हरि टीपा सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिरूद्ध बजाज द्वारा किया गया।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal
MALL
Paytm
book my show
From 9th March 2023




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# पहले वनडे में ऐसी हो सकती है टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज अब खत्म हो चुकी है, लेकिन कंगारुओं का दौरा अभी खत्म नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अब भारत से वनडे सीरीज खेलनी है। तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 17 मार्च को खेला जाएगा। इस बीच वनडे सीरीज में कई ऐसे खिलाड़ियों की वापसी होने वाली है, जो अभी तक टेस्ट सीरीज में नहीं दिख रहे थे। इस बीच रोहित शर्मा वनडे टीम में तो हैं, लेकिन पहला वनडे में वे नहीं दिखेंगे, उनकी जगह कप्तानी की जिम्मेदारी हार्दिक पांड्या के कंधों पर होगी। लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल ये है ?कि हार्दिक पांड्या पहले मैच की प्लेइंग इलेवन में कौन कौन से खिलाड़ी शामिल करेंगे। यानी उनकी प्लेइंग इलेवन क्या होगी। वन डे सीरीज में कुछ ऐसे खिलाड़ियों को रेस्ट दिया जा सकता है, जो अभी तक लगातार टेस्ट खेल रहे थे। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया आखिरी मुकाबला पांच दिन तक चला था, इस बीच उनके पास आराम करने के लिए दिन काफी कम हैं, इसलिए ऐसे खिलाड़ी हो सकता है कि पहले मैच में रेस्ट करते हुए दिखें, वहीं जो टेस्ट सीरीज खेल रहे थे। इस बीच सवाल ये भी है कि रोहित शर्मा की गैरहाजिरी में टीम की ओपनिंग जोड़ी क्या होगी। संभावना जताई जा रही है कि शुभमन गिल और ईशान किशन पहले मैच में बतौर सलामी जोड़ी मैदान में उतर सकते हैं। पिछले कुछ समय में इन दोनों खिलाड़ियों ने न केवल टी20 बल्कि वनडे में भी खुद को साबित किया है। इसके बाद नंबर तीन पर पूर्व कप्तान विराट कोहली का आना करीब करीब पक्का है और इसके बाद नंबर आएगा सूर्यकुमार यादव का, जो पहले टेस्ट के बाद लगातार टीम के साथ तो थे, लेकिन वे टेस्ट में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। इसके बाद नंबर पांच पर केएल राहुल का दावा काफी मजबूत है। केएल राहुल पहले दो टेस्ट खेले थे, इसके बाद आखिरी दो टेस्ट में वे नहीं खेले। केएल राहुल का फार्म तो बहुत अच्छा नहीं है, लेकिन उन्हें इसलिए भी मौका मिल सकता है, क्योंकि श्रेयस अय्यर चोटिल हैं और वे वनडे सीरीज को खेलने की स्थिति में नहीं है। हालांकि बीसीसीआई की ओर से अभी तक उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया गया है।

## हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा हो सकते हैं मैच विनर

टॉप 5 के बाद खुद कप्तान हार्दिक पांड्या नंबर छह पर आ सकते हैं, वहीं रवींद्र जडेजा इस सीरीज में भी नंबर सात पर खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं। यहां तक तो टीम इंडिया की प्रॉपर बल्लेबाजी है। इसके बाद शार्दुल ठाकुर को मौका दिया जा सकता है, जो गेंदबाजी में तो अपना काम करेंगे ही, लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो वे ?बल्लेबाजी में भी हाथ दिखाने में कामयाब हो सकते हैं। यानी टीम इंडिया की बल्लेबाजी नंबर आठ तक है। इसके बाद कुलदीप यादव को मौका दिया जा सकता है। जो पूरी टेस्ट सीरीज में एक भी मैच नहीं खेल पाए। वहीं तेज गेंदबाज के रूप में मोहम्मद सिराज और शमी को भी इस मैच की प्लेइंग इलेवन में मौका दिया जा सकता है।

## टीम इंडिया के पास लंबी बैटिंग और हो सकते हैं छह गेंदबाज

इस तरह से देखें तो मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर के रूप में तीन प्रॉपर तेज गेंदबाज हैं, कप्तान हार्दिक पांड्या भी जरूरत पड़ने पर मिडियम पेस कर सकते हैं। यानी कुल मिलाकर हुए चार तेज गेंदबाज। इसके बाद कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा स्पिन डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। भारत के पास कुल मिलाकर छह गेंदबाज हो जाएंगे और आठ नंबर तक बल्लेबाजी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम चुंकि टेस्ट सीरीज हार चुकी है, इसलिए वे वनडे सीरीज की शुरुआत अच्छी करना चाहेंगे। ऐसे में उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता है। मैच मुंबई में होगा, वहां पर पिच अक्सर स्पिनर्स के लिए मददगार होती है। देखना होगा कि कप्तान हार्दिक पांड्या किस प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान में उतरते हैं और टीम का प्रदर्शन टेस्ट के बाद वनडे में कैसा रहता है।

**टीम इंडिया की पहले वनडे में संभावित प्लेइंग इलेवन** – शुभमन गिल, ईशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज सिराज।

# रैंप वॉक पर उतर आई 70 साल की जीनत अमान

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



एक बार फिर बॉलीवुड की 70 साल की अदाकारा जीनत अमान पुराने दिनों को याद करने के लिए रैंप वॉक पर उतर आई है। एफडीसीआईएक्स लक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन अदाकारा ने लाइमलाइट लूटने में कोई कमी नहीं छोड़ी। वह फैशन डिजाइनर शाहीन मन्नान के लिए रैंप पर उतरी थी। उनकी तस्वीरें देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि जीनत अमान के आगे सब फीके हैं। रेड एंड ब्लैक आउटफिट पहन वह जिस अंदाज में रैंप पर उतरी वह देखने लायक था। एक्ट्रेस ने अपने लुक को ब्लैक पैंट और मैचिंग फुटवियर के साथ पेयर किया था। साथ में सनग्लासेस जीनत अमान के लुक को रॉयल बनाने का काम कर रहे थे। एक्ट्रेस ने डीवा की तरह अपने ग्रे बालों वाले लुक को फ्लॉन्ट किया। ज़ीनत अमान ने अपनी स्माइल से पूरे माहौल को रंगीन कर दिया। रैंप पर वापसी करने पर ज़ीनत अमान काफी खुश नजर आ रही थी। उन्होंने कहा- मैंने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के रूप में की थी और पिछले कुछ वर्षों में मैंने कई रैंप पर वॉक किया है। बड़ी उम्र की महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए फिर से ऐसा करना रोमांचक है ।

# टोन्ड बॉडी बनाने रणबीर ने ली थी कड़ी ट्रेनिंग

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



एक्टर रणबीर कपूर ने फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के लिए टोन्ड बॉडी बनाने के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली। रणबीर के फिटनेस ट्रेनर शिवोहम ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि रणबीर ने ट्रेनिंग में डेडिकेशन और डिसिप्लेन दिखाया है। रणबीर के फिटनेस ट्रेनर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक्टर के वॉशबोर्ड एब्स दिखाते हुए दो शर्टलेस तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा- आप जो देख रहे हैं वो असल में अनुशासित जीवनशैली, समर्पण और कड़ी मेहनत का उदाहरण है। ये एक टीम वर्क है और इस तरह के रिजल्ट आसानी से नहीं मिलते। इसके लिए जागने और हर चीज करने की जरूरत होती है। और यही बात आपको बाकी लोगों से अलग करती है। सुबह 4 बजे ट्रेनिंग सेशन, रात 11 बजे ट्रेनिंग सेशन या कभी-कभी शूटिंग के बीच में समय निकालते हुए रणबीर ने यह सब किया है। अपने प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपने पर्सनल लाइफ को बैलेंस करना, ये सभी चीजें किताबें पढ़ने से नहीं सीखी जा सकती हैं, ये वे मूल्य हैं जो आप में आत्मसात किए जाते हैं और कंडीशनिंग जो आप अपने माता-पिता और अपने साथ रखने वाले लोगों से लेते हैं।

# प्रो हॉकी लीग में टीम इंडिया की बड़ी जीत , जर्मनी को 6-3 से दी शिकस्त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रो हॉकी लीग में भारत ने जर्मनी को 6-3 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। यह इस टूर्नामेंट में भारत की जर्मनी पर लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5-4 से पराजित किया था। इस जीत के साथ हरमनप्रीत सिंह की टीम सात मैचों में 17 अंकों के साथ प्रो लीग में सर्वोच्च पायदन पर पहुंच गई है। भारतीय टीम गोल औसत के आधार पर स्पेन से आगे है। भारत के लिए जुगराज सिंह (21, पेनाल्टी कॉर्नर), अभिषेक (22, 51), सेल्वम कार्ति (24, 46) और हरमनप्रीत सिंह (26 मिनट) गोल किए, जबकि जर्मनी के लिए टॉम ग्रामबुश (3), गोंजालो पिलेट (23, पेनाल्टी कॉर्नर) और माल्टे हेल्विग (31) ने गोल किए।

# अफगानिस्तान के खिलाफ टी 20 सीरीज के लिए शादाब बने पाक टीम के कप्तान

## आजम, शाहीन शाह अफरीदी और हारिस को आराम



**लाहौर (ईएमएस)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अफगानिस्तान के खिलाफ शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में 25 से 29 मार्च तक होने वाली टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। जिसके लिए शादाब खान को कप्तान बनाया गया है जबकि बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और हारिस को आराम दिया गया है। वहीं युवा खिलाड़ियों सईम अयूब, तैय्यब ताहिर, इहसानुल्लाह, सईम अयूब और जमान खान को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में बेहतर प्रदर्शन के कारण जगह दी गयी है। अब्बास अफरीदी ने पीएसएल में शानदार गेंदबाजी की है। वहीं इहसानुल्लाह पीएसएल 2023 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। पेशावर जाल्मी के लिए शीर्ष क्रम में शानदार बल्लेबाजी करने के बाद सईम अयूब को अवसर मिला है। वहीं आजम खान और इमाद वसीम को इस्लामाबाद यूनाइटेड और कराची किंग्स के लिए अच्छा खेलने के कारण राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। हसीबुल्लाह, उसामा मीर और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अबरार अहमद को रिजर्व में रखा गया है।

### टीम इस प्रकार है

शादाब खान (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, आजम खान, फहीम अशरफ, इफ्तिखार अहमद, इहसानुल्लाह, इमाद वसीम, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब, शान मसूद, तैय्यब ताहिर, जमान खान रिजर्व खिलाड़ी -हसीबुल्ला, उसामा मीर, अबरार अहमद।

# 15-26 मार्च के बीच होगा टूर्नामेंट, मैरी कॉम-फरहान बने ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और बॉलीवुड स्टार फरहान अख्तर को ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने की घोषणा की। वहीं, महिंद्रा ऑटोमोटिव इस चैंपियनशिप का टाइटल स्पॉन्सर बना है। यह टूर्नामेंट नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 15 से 26 मार्च के बीच खेला जाएगा। भारत इस चैंपियनशिप के इतिहास में सर्वाधिक तीसरी बार मेजबानी करने जा रहा है। इस लिहाज से देश मे मुक्केबाजी का बुखार चढ़ना तय है क्योंकि इसमें दुनिया भर के कई शीर्ष मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमसी मैरी कॉम और फरहान अख्तर का होना मुक्केबाजी में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के हमारे मिशन को बहुत अधिक बल प्रदान करेगा। मैरी कॉम एक मुक्केबाजी लीजेंड हैं और फरहान अख्तर खेलों से जुड़ी कई फिल्मों में काम करने वाले आइकन हैं। इन दो यूथ आइकॉन के साथ आने से इस विश्व चैम्पियनशिप की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और देश भर में इस खेल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। साथ ही यह आयोजन दुनिया को बड़े वैश्विक टूर्नामेंटों के मेजबान के रूप में भारत की क्षमता दिखाने में भी मदद करेगा। लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली मैरी कॉम, महिला विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे अधिक बार चैंपियन बनने वाली मुक्केबाज हैं। मैरी ने छह बार स्पर्ण और एक-एक बार रजत तथा कांस्य पदक जीता है। मैरी ने कहा, ÷भारत तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है और यह एक विशेष पल है हमारे लिए यह एक दुर्लभ सम्मान है। यह वैश्विक दर्शकों के सामने एक खेल राष्ट्र के रूप में भारत की ताकत का प्रतीक है। मैं इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर खुश हूं और मुझे विश्वास है कि यह भारत के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय होगा। 2014 में मैरी कॉम की यात्रा को दिखाने वाली एक बायोपिक फिल्म ने बड़े पर्दे पर दिखाई गई थी। इस फिल्म और खुद मैरी की जीवन यात्रा ने देश की लड़कियों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया था। दूसरी ओर, फरहान अख्तर एक खेल प्रेमी अभिनेता हैं, जो भाग मिल्खा भाग और तूफान जैसी फिल्मों में अपनी मुख्य भूमिकाओं के लिए भी लोकप्रिय हैं। तूफान में एक मुक्केबाज की यात्रा को दिखाया गया है। इस टूर्नामेंट के दौरान फरहान अख्तर मुक्केबाजों के साथ जुड़ेंगे और टूर्नामेंट के उत्साह को अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए भी दुनिया तक पहुचाएंगे। इस इवेंट को लेकर फरहान अख्तर ने कहा, मैं इस तरह के प्रतिष्ठित इवेंट का हिस्सा बनकर सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। यह व्यक्तिगत गर्व की बात है कि भारत महिलाओं के लिए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। इस खेल के लिए मेरा प्यार मेरी फिल्म तूफान के लिए प्रशिक्षण शुरू करने से बहुत पहले से चला आ रहा है। अब यहां इस इवेंट का जश्न मनाना एक अद्भुत अहसास है। एक उत्साही खेल प्रेमी के रूप में, मैंने हमारी लड़कियों की यात्रा को फालो किया है। जब भी उन्होंने इस खेल में भारत का नाम रौशन किया तो उनकी सराहना की है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी रोमांचक मुकाबलों को देखेंगे और दुनिया भर की इन महिलाओं से प्रेरित होंगे। मैं बीएफआई का भी विशेष उल्लेख करना चाहूंगा जो मुक्केबाजी के क्षेत्र में महिलाओं को प्रोत्साहित और समर्थन देकर जबरदस्त काम कर रहे हैं। और अंत में, मेरी ओर से इस इवेंट में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। दो साल में एक बार होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए इस साल 74 देशों के कुल 350 से अधिक मुक्केबाजों ने पंजीकरण कराया है। इस चैंपियनशिप में इस बार पहली बार 20 करोड़ रुपये का पुरस्कार पूल है।

# 60 साल की उम्र में चौथी बार शादी की नरेश ने

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



अपनी कई फिल्मों की सह-कलाकार पवित्रा लोकेश से तेलुगू फिल्मों के वरिष्ठ अभिनेता 60 वर्षीय नरेश ने शादी की है। नवविवाहित जोड़े ने शुक्रवार को अपनी शादी का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट करते हुए, नरेश ने लिखा, हमारी इस नई यात्रा में जीवन भर शांति और आनंद के लिए आपका आशीर्वाद चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नरेश की यह चौथी और पवित्रा की तीसरी शादी है। पवित्रा कर्नाटक से हैं और सहायक अभिनेत्री के रूप में कन्नड़ और तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। उनके अलग होने के बाद नरेश अपनी तीसरी पत्नी राम्या रघुपति के साथ एक अप्रिय विवाद में उलझ गए थे। राम्या रघुपति ने कथित तौर पर नरेश को तलाक देने से इनकार कर दिया है। बता दें कि करीब दो साल तक साथ रहने के बाद इस जोड़े ने हाल ही में अपने रिश्ते को औपचारिक रूप दिया।





# इरफरान पठान के घर की बिरयानी के दीवाने रहे हैं भारतीय क्रिकेटर

**मुम्बई (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान के घर की बिरयानी के भारतीय खिलाड़ी दीवाने रहे हैं। इरफान ने स्वयं इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि साल 2007 में भारतीय टीम बड़ौदा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल रही थी। मैच के बाद पूरी टीम उनके घर पहुंची थी। टीम के साथ ही सहयोगी स्टाफ भी था। सभी ने उनके घर पर बिरयानी खाई। इरफान ने एक टीवी शो में कहा, मैंने देखा कि हरभजन सिंह की प्लेट में बिल्कुल भी जगह नहीं बची थी। अगर उसमें और बिरयानी डालते तो शायद नीचे गिर जाती। इरफान ने बताया कि मां ने ही सारा खाना स्वयं बनाया था। उन्होंने अपने हाथ से चिकन टिक्का और बाकी सारी चीजें भी तैयार की थीं। इस दौरान करीब 25 लोगों का खाना उनकी मां ने बनाया था जो सभी ने बेहद शौक से खाया था। वहीं अगले दिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच था, जो जल्दी समाप्त हो गया तब सचिन तेंदुलकर ने मुझे बुलाया और पूछा,इरफान कल की बिरयानी बची है क्या तो मैंने कहा कि वो तो नहीं बची है पर मैं फिर से बनवा देता हूं तो वो बोले कल की बिरयानी आज और ज्यादा स्वादिष्ट लगेगी, मेरे को मंगवा के दे। तभी उन्होंने कहा कि कल की पूरी बिरयानी तो तभी खत्म हो गई थी। साथ ही कहा कि मुझे उनकी इच्छा पूरी न कर पाने से निराशा भी हुई।

# लवलीना को आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में जीत की उम्मीद



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को उम्मीद है कि वह अधिक वजन वर्ग में खेलने के बाद भी 15 मार्च से शुरू होने वाली आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में जीत हासिल करेगी। बोरगोहेन इसी के साथ ही इस भ्रांति को भी तोड़ना चाहती है कि वह अधिक वजन वर्ग के बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक नहीं जीत सकतीं। लवलीना महिला विश्व चैम्पियनशिप के 75 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेंगी जबकि पिछली दो विश्व चैम्पियनशिप में उन्होंने 69 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता था और 2020 तोक्यो ओलंपिक में भी इसी वजन वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। इस टूर्नामेंट में भारत की शीर्ष महिला मुक्केबाज निकहत जरीन का ध्यान भी अपना स्वर्ण पदक बनाये रखने पर होगा। इसके साथ ही लवलीना भी शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर पाने की भ्रांति को समाप्त करना चाहेंगी। इस मुक्केबाज ने साल 2018 और 2019 महिला विश्व चैम्पियनशिप दोनों में तीसरा स्थान हासिल किया था और फिर 2020 टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। जिससे लगने लगा था कि यह मुक्केबाज अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं कर पा रहीं। वहीं लवलीना ने इससे इंकार किया और कहा कि उनकी प्रतिबद्धता हमेशा रिंग में अपना सौ फीसदी देने की होती है। लवलीना ने अपने सभी तीनों कांस्य पदक 69 किग्रा में जीते हैं हालांक वह आगामी चैम्पियनशिप में 75 किग्रा में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा, ''हां, यह स्वर्ण पदक नहीं जीतना मेरे दिमाग में भी चल रहा है, लेकिन मैं इस बार पदक का रंग बदलने के लिये बेकरार हूं। मेरा प्रयास हमेशा स्वर्ण पदक के लिये खेलने का है और इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा। तैयारियां अच्छी चल रही हैं और मैं उम्मीद करती हूं कि मैं घरेलू धरती पर इस भ्रांति को तोड़ सकती हूं। उन्होंने साथ ही कहा कि मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन के साथ उसी टीम का हिस्सा होने से उन पर अच्छा प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीतने का कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होगा।

# अंतरा ने लिया लैक्मे फैशन वीक में हिस्सा

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में फिल्म एक्टर मोहित मारवाह की पत्नी अंतरा मारवाह ने हिस्सा लिया। विशेष बात यह रही कि रैंप वॉक के दौरान अंतरा मारवाह ने अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया। दरअसल अंतरा मारवाह प्रेग्नेंट है और वह एक्टर मोहित मारवाह की पत्नी भी है। लैक्मे फैशन वीक में उन्होंने बेबी बंप के साथ वॉक किया। सभी लोग उनका कॉन्फिडेंस देखकर दंग रह गए। उन्होंने सिमरी ड्रेस पहन रखी थी। अंतरा मारवाह ने फुल स्लीव क्रॉप टॉप प्लंजिंग नेकलाइन ड्रेस पहन रखी थी। इसके अलावा उन्होंने शॉर्ट्स पहन रखी थी। अंतरा मारवाह बिजनेसमैन अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी की भतीजी भी है। वहीं, मोहित मारवाह संदीप मारवाह के बड़े बेटे हैं जो कि अनिल कपूर और बोनी कपूर के रिश्तेदार है। उन्होंने 2014 में 'फगली' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। मोहित और अंतरा ने फरवरी 2018 में यूएई में शादी की थी। इसी शादी में श्रीदेवी का निधन हो गया था।



## एक मई से बिलासपुर की बजाए उसलापुर जाएंगी चार जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनें

# एक तरफ समय की बचत के उपाय कर रहा रेलवे दूसरी तरफ झलवारा में घंटों रोकी जा रहीं ट्रेनें

**कटनी, यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा जहां एक तरफ ट्रेनों को नए स्टेशनों से चलाकर समय की बचत करने का प्रयास किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ झलवारीर से एनकेजे और कटनी स्टेशन के बीच बिलासपुर रेलखंड की ट्रेनों को घंटो रोककर मालगाड़ियों को आगे निकाला जा रहा है, जिसके चलते इस रूट के यात्री पिछले कई महीने से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। आलम यह है कि रेल प्रशासन की इस मनमानी के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने भी चुप्पी साध रखी है।



कटनी से शहडोल की यात्रा इस समय 4-4 घंटे में तय हो रही है। अब रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर से चलने वाली चार जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को बिलासपुर की बजाए उसलापुर से चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेनें आगामी 1 मई से उसलापुर से चलेंगी। यात्रियों का कहना है कि बिलासपुर की बजाए उसलापुर से ट्रेनों को चलाए जाने से यकीनन समय की बचत होगी लेकिन जैसे ही ट्रेन झलवारा पहुंचेगी, वैसे ही यहां ट्रेनों की फजीहत हो जाती है। झलवारा से कटनी पहुंचनें में ट्रेनों को दो-दो घंटे का समय लग रहा है। रेलवे को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। जानकारी के मुताबिक बिलासपुर जोन की चार जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों के रिजर्वेशन रूट से बिलासपुर जंक्शन को डिलीट कर दिया गया है। ये ट्रेनें एक मई से बिलासपुर स्टेशन नहीं जाएंगी, इसलिए इन ट्रेनों में बिलासपुर जंक्शन तक का रिजर्वेशन 120 दिन पहले से ही बंद कर दिया गया है।

### इन ट्रेनों को अब उसलापुर से चलाया जाएगा

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम |
|---|---|
| 15159 | छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस |
| 15160 | दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस |
| 12853 | दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस |
| 12854 | भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस |
| 12823 | दुर्ग-निजामुद्दीन छग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस |
| 12824 | निजामुद्दीन-दुर्ग छग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस |
| 12549 | दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस |
| 12450 | जम्मूतवी-दुर्ग एक्सप्रेस |

### नहीं मिलेगी बिलासपुर जंक्शन का रिजर्वेशन

बताया जाता है कि बिलासपुर जोनल प्रबंधन ने परिचालन और रेलवे की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर जोन की चार जोड़ी ट्रेनों का रुट 1 मई से बदलने का आदेश पिछले साल 15 दिसंबर को ही जारी कर दिया था और अब 1 मई से इन ट्रेनों के रिजर्वेशन रूट से बिलासपुर जंक्शन को डिलीट कर दिया गया है। इन सभी ट्रेनों में 30 अप्रैल तक ही बिलासपुर का रिजर्वेशन दिखा रहा है, चूंकि रेलवे का रिजर्वेशन सिस्टम 120 दिन पहले से चलता है, इसलिए अगर कोई यात्री 120 दिन पहले यात्रा का आरक्षण करा रहा होगा या फिर दो महीने पहले के लिए करा रहा होगा तो उसे बिलासपुर जंक्शन का रिजर्वेशन नहीं मिला होगा।

### 15 दिसंबर 2022 को जारी हुआ था आदेश, अब होगा अमल

इसका मतलब यह है कि मई-जून महीने के लिए अगर कोई इन ट्रेनों में बिलासपुर तक सफर करने के लिए रिजर्वेशन कराना चाहे तो उसे नहीं मिलेगा। बताया जाता है कि बिलासपुर जोन ने 15 दिसंबर 2022 को चार जोड़ी ट्रेनों को एक मई से दुर्ग-रायपुर से सीधे उसलापुर शिफ्ट करने का आदेश जारी किया था। ये ट्रेनें दाधापारा रेलवे स्टेशन से बाइपास लाइन से उसलापुर चली जाएगी। चार ट्रेनों में से दो ट्रेनें साप्ताहिक हैं, जो कि एक सप्ताह पहले यानी 24 और 25 अप्रैल से ही उसलापुर से चलेंगी। इन ट्रेनों में दुर्ग-निजामुद्दीन छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस और दुर्ग जम्मूतवी एक्सप्रेस शामिल हैं।

# दूसरी बेटी होने पर घर से निकाला पति व ससुराल वालों ने

## मायके में रह रही युवती ने कलेक्टर से मिलकर लगाई न्याय की गुहार, उमरिया पुलिस ने भी नहीं की कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** दूसरी बेटी होने के बाद पति और ससुराल वालों द्वारा दी जा रही प्रताड़ना और तलाक की धमकी के बाद कटनी निवासी एक युवती ने कल मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर अवि प्रसाद से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। युवती ने बताया कि उसके पति ने मारपीट करते हुए घर से भगा दिया है। पिछले कुछ दिनों से वह अपनी डेढ़ महीने की बेटी को लेकर दर-दर भटक रही है। उमरिया पुलिस को भी शिकायत दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अब उसने कलेक्टर से मिलकर शिकायत दी और कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैरिन लाईन आचार्य कृपलानी वार्ड निवासी 23 वर्षीय प्रिया छावड़ा ने बताया कि उसकी शादी हिन्दू रीति रिवाज के साथ सन 2018 में संदीप अमरानी पिता देवानंद अमरानी निवासी कैंप शिवटाकीज के पीछे तहसील व जिला उमरिया के साथ हुई थी। शादी के बाद दो बेटियां हुई। जिसमे से दूसरी बेटी की जन्म अभी कुछ दिन पहले ही हुआ है। ससुराल वालों की इच्छा बेटे के थी। बेटा न होने के कारण ससुराल वालों द्वारा कई प्रकार की यातनाएं दी जाने लगी। पति द्वारा रोज शराब पीकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की जाती है। सास ताने देते हुए कहती है कि तूने दो बेटियां पैदा की है। प्रिया छावड़ा ने बताया कि जो भी गहने, सोना, चांदी थे, उन्हें गिरवी रख दिया है और बाकी बेच दिया है। शिकायत में उसने बताया कि मेरी बुआ सास बाहर काम करने के लिये भेज रही है और मुझे साथ में जाने से मना कर रही है। पति भी मुझे साथ नहीं ले जा रहे है और कह रहे हैं कि यदि मेरे साथ उमरिया से बाहर जाओगी तो तुम्हें भी काम करना पड़ेगा, नहीं तो तुमको तलाक दे दूंगा। उसने बताया कि पति दुकान पान मसाले की दुकान करते है। प्रिया छावड़ा ने पति संदीप अमरानी, हीना अमरानी, चंद्र कुमार पिता अमरानी एवं मुन्नी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# ब्लू प्रिंट के आधार पर नहीं आया सामाजिक विज्ञान का प्रश्न पत्र

## शिक्षकों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** जिले के सामाजिक विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल सचिव भोपाल के नाम जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि 7 मार्च 23 को मंडल द्वारा जो कक्षा दसवी सामाजिक विज्ञान का प्रश्न पत्र आया, वह प्रश्न पत्र मंडल द्वारा पूर्व में प्रदान किए गए ब्लू प्रिंट के आधार पर नहीं आया। ब्लू प्रिंट के आधार पर वर्ष भर शिक्षकों द्वारा छात्रों को अध्यापन कार्य कराया गयाए लेकिन जब परीक्षा का प्रश्न पत्र आया तो वह ब्लू प्रिंट के बिलकुल विपरीत आया जैसे कि राजनीतिक दल वाले अध्याय से 4 अंक का प्रश्न आना था पर प्रश्न पत्र में नहीं आया। खनिज और ऊर्जा संसाधन अध्याय से 4 अंक का मानचित्र आना था इसमें 4-4 अंक के दो प्रश्न आ गए। जल संसाधन अध्याय से सही विकल्प व मानचित्र दिया गया जबकि एक अंक का प्रश्न देना था। मानचित्र कार्य में परमाणु संयंत्र का करापारा दिया है जबकि प्रश्न पत्र में काकापारा आया। इसके अलावा दो माह पूर्व शासन द्वारा जो डी और ई ग्रेड के छात्रों के लिए रिमेडियल टीचिंग हेतु प्रश्न पत्र प्रदान किए गये थे उन प्रश्न पत्रों से भी सामाजिक विज्ञान के वार्षिक परीक्षा में प्रश्नों का समावेश नहीं किया गया। इन्हीं सब समस्याओं का ध्यानाकर्षण करने व कम से कम 10 अंकों का मंडल द्वारा बोनस अंक प्रदान किए जाने की मांग की गई।



### इन्होंने उठाया मुद्दा

ज्ञापन सौंपते समय मुख्य रूप से सुषमा मल्होत्रा, अजय सिंह, संजय कुमार गौतम, नीलम कौशले, उदय कुमार गौतम, प्रद्युम्न बख्शी, दुर्गा प्रसाद मलिक, राजेश सराठे, कुंता कोरी, बृजेश क्षत्रिय, मृदुल नामदेव, शिवराम तिवारी, अर्चना तिवारी, प्रीति अकेला, राजश्री सिंह, मनोज कुमार पाण्डे, विजय मिश्रा, जयपाल सिंह उईके, रीनू कोल, मृदुला यादव आदि शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### हादसे में पिता-पुत्र घायल

**कटनी, यशभारत।** पिता को लेकर जा रहे एक पुत्र के हाथों मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। घटना में पिता पुत्र दोनों को चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने 108 वाहन को बुलाया और उमरियापान अस्पताल के लिए भेजा। सिलौंड़ी पुलिस चौकी के नेगई निवासी अनिल सेन पिता रामसुजान सेन को बाइक से ढीमरखेड़ा की तरफ जा रहा था। अतरसूमा और संगमा के बीच कथरी नाला के समीप युवक घटना के शिकार हो गए।

# घर से भागे बच्चों को परिजनों के हवाले किया आरपीएफ ने

## ड्यटी पर तैनात महिला प्रधान आरक्षक की सक्रियता



**कटनी, यशभारत।** रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान भी रखते हैं। पश्चिम मध्य रेलवे, रेल सुरक्षा बल आरपीएफ द्वारा जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु 24 घंटे सतत ड्यूटी की जा रही है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल आरपीएफ ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत घर से भागे हुए अपहृत हुए बिछुड़े हुए बालक एवं बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनोंध्चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया जता है। जबलपुर मण्डल के कटनी मुड़वारा स्टेशन पर विगत 12 मार्च को 139 हेल्प लाइन जबलपुर से प्राप्त फोटो के आधार पर स्टेशन ड्यटी पर तैनात प्रधान आरक्षक सीता कुरील चौधरी को प्लेटफार्म नम्बर 2 पर एक लड़का एवं एक लड़की साथ में बैठे मिले। दोनों बच्चों को पूछताछ के लिए आरपीएफ पोस्ट कटनी लाया गया तथा उन्होंने बताया कि हम दोनों अपने-अपने घर से बिना बताये भागे है। जिन्होंने अपना नाम व पता क्रमशः मोहित सोनी, पुत्र पुष्पराज सोनी, उम्र 17 वर्ष, निवासी जिला रीवा, मप्र और प्रांजलि मिश्रा, पुत्री तेजमणि मिश्रा, उम्र 17 वर्ष, निवासी जिला रीवा, मप्र बताया। उक्त दोनों बच्चों के परिजनो को अवगत कराया गयाए साथ ही आवाज जन कल्याण संस्था सजग को सूचित करने पर उनके प्रतिनिधि नितिन सिंह उपस्थित हुए, जिनके द्वारा दोनों बच्चों की काउंसलिंग की गई एवं दस्तावेज तैयार किए गए। दोनो बच्चों के परिजन रेल सुरक्षा बल पोस्ट कटनी पर उपस्थित हुए। जिन्होंने बताया कि दोनो नाबालिक बच्चे 10 मार्च से घर से भागे है। जिनकी खोजबीन की जा रही थी और पुलिस थाना में कोई एआईआर नहीं करवाई गई हैं। दोनो बच्चों का जिला शासकीय चिकित्सालय में मुलाहिजा कराया गया। तत्पश्चात् सहायक उप निरीक्षिक आर डी गर्ग द्वारा गवाहों के समक्ष नाबालिक बच्चों को उनके परिजनों को सही हालत में सुपुर्दगी प्रदान की गई।

# शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

**ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया**

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ बलात्कार करने का मामला सामने आया है। शादी करने का झांसा देकर युवक ने युवती से कई बार शारीरिक संबंध बनाए, फिर शादी करने से इंकार कर दिया। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक को रोझन गांव से गिरफ्तार किया। दुष्कर्म का मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी युवक को जेल भेजा गया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि थाना क्षेत्र के रोझन निवासी प्रमोद सिंह एक युवती के साथ शादी करने का झांसा देकर आए दिन जबरदस्ती अवैध शारीरिक संबंध बनाता था। अनेकों बार यौनशोषण करने के बाद युवक ने शादी करने से मना कर दिया। मामला करीब 6 माह पहले का है। सोमवार को परिजनों के साथ पहुंची युवती ने पुलिस से शिकायत की, जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से मंगलवार को आरोपी युवक को जेल भेजा गया।

# रिश्वत लेने के आरोपी कर्मचारी को 5 साल का कठोर कारावास

## भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम विशेष न्यायालय का फैसला, 8 साल पहले दर्ज हुआ था मामला

**कटनी, यशभारत।** विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ने अभियुक्त



बाला प्रसाद सोनी सहायक ग्रेड-3 नायब तहसीलदार न्यायालय स्लीमनाबाद को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 07, धारा 13 (1) डी नवीन संशोाधन अधिनियम की धारा 13 (1) ख सहपठित धारा 13 (2) के तहत दोषसिद्ध पाते हुए 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में विशेष लोक अभियोजक लोकायुक्त धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने शासन की ओर से पैरवी की। इय संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अक्टूबर 2015 को रवींद्र काछी ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर के समक्ष उपस्थित होकर एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमे कहा गया था कि जमीन राजेश दुबे से अदला-बदली रजिस्ट्री द्वारा की है। मैंने उस जमीन का नामांतरण कराने के लिए नायब तहसीलदार न्यायालय स्लीमनाबाद में आवेदन लगाया है। वहां कोर्ट में पदस्थ बाला सोनी मेरे से स्टाम्प के नाम पर रिश्वत मांग रहा है। 1000 रुपए पहले दे चुका हूं और एक हजार रुपए और मांग रहा है। लोकायुक्त ट्रेप दल के निरीक्षक राजीव गुप्ता ने टीम के साथ दबिश देकर 5 अक्टूबर को आरोपी बाला प्रसाद सोनी सहायक ग्रेड-3 को एक हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था।



# स्टेशन में छूटा बैग आरपीएफ ने यात्री को वापस लौटाया

**कटनी, यशभारत।** गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन से मुड़वारा से दिल्ली की यात्रा करने वाले सिंगरौली निवासी अविनाश पांडे का कीमती बैग मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर छूट गया था। बैग छूटने की जानकारी दो-तीन स्टेशन बाद यात्री को तब लगी, जब उसने सामान चैक करने के दौरान लेपटॉप वाला बैग नहीं मिला। बताया जाता है कि लेपटॉप, मोबाइल, आईकार्ड, चैक सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों से भरा बैग जल्दबाजी में मुड़वारा स्टेशन में रह गया। अविनाश पांडे ने घटना की जानकारी अपने बड़े भाई को दी। उन्होंने मामले की सूचना रेल सुरक्षा विभाग को दी। कटनी आरपीएफ के जवानों को मुड़वारा प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर एक बैग लावारिश मिला। जवानों ने उक्त बैग के संबंध में वहां मौजूद यात्रियों से जानकारी ली। जब किसी ने कुछ नहीं बताया, तब बैग आरपीएफ ने चौकी में रख दिया गया। बाद में बैग अविनाश पांडे के परिचित कटनी निवासी शकील खान के सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ सहायक उपनिरीक्षक अमर सिंह, प्रधान आरक्षक गणेश चौकसे, पर्वत सिंह, आरक्षक शैलेंद्र सिंह की बैग मिलाने में अहम भूमिका रही। आरपीएफने बैग में लगभग 1 लाख रुपए का सामान होने की जानकारी दी।

**JOB OPENING**
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

**आवश्यकता है**
अनुभवी, योग्य, नर्सिंग महिला स्टाफ की। कंप्यूटर का ज्ञान होने पर प्राथमिकता। सैलरी योग्यतानुसार। **पता - डॉक्टर एस. के. शर्मा,** सीआरएम क्लीनिक बिहारी सोनी मार्केट आजाद चौक, कटनी। मिलने का समय- शाम 3 से 4.30 बजे,
**संपर्क- 9425158548**

**REQUIREMENT**
We require an male or female Tally prime /Busy soft-ware accountant ability to work on computer & internet.
**Salay- 10000/-**
**Contact no. 9425465227**

**बाजार नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़गांव, जनपद पंचायत रीठी जिला, कटनी में प्रतिवर्ष लगने वाले पशु बाजार की नीलामी 16.03.2023 को दोपहर 12 से ग्राम पंचायत भवन में शुरू की जानी है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर बोली लगा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए ग्राम पंचायत बड़गांव में कार्यालयीन समय पर संपर्क करें।
**सरपंच- सचिव**
**ग्राम पंचायत बड़गांव, जनपद पंचायत रीठी, जिला कटनी (म.प्र.)**

SGAT
**शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स**
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.),
मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

**मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता**
**एडवांस्ड**
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087, 8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511




प्रत्येक माह के चौथे रविवार महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर कटनी में
डॉ. अखिलेश दुबे
• एंजियोग्राफी • एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर • वाल्व प्रकिया
• बायपास
आयुष्मान सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें
गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल उखरी रोड, विजय नगर, जबलपुर
स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हीरा गंज, शनि मंदिर के पास, कटनी दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
जीवन ज्योति हॉस्पिटल माधव नगर, गेट के सामने, कटनी दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक
6232571740, 7489927249

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)